दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 143 | सीकर, बुधवार 22 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# धरने पर बैठे राहुल को पुलिस उठाकर ले गई

**पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन के बाद एक्शन; प्रियंका भी हिरासत में, सोनिया थाने पहुंची**

नई दिल्ली।

पीएम आवास के पास मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे धरने पर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस शाम साढ़े 6 बजे उठाकर ले गई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव समेत कई नेता को हिरासत में ले लिया है। प्रियंका को मंदिर मार्ग थाने ले जाया गया है। उनसे मिलने के लिए सोनिया गांधी पहुंची हैं। राहुल को छत्रपाल स्टेडियम में रखा गया है। सरकार ने 3 घंटे के धरने में राहुल से 2 बार बातचीत की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी पहुंचे तो कांग्रेसियों ने घेरा बना लिया और राहुल तक पहुंचने नहीं दिया। कांग्रेसियों और पुलिस के बीच आधे घंटे तक धक्का-मुक्की होती रही। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आखिर में 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी उन्हें उठाकर ले गए और बस में बैठाया।

## जितेंद्र सिंह और राहुल के बीच 20 मिनट बात हुई

पीएम आवास के पास से हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और गृह सचिव गोविंद मोहन पहुंचे थे। राहुल गांधी से करीब 20 मिनट बात की। इसके बाद जितेंद्र सिंह गृह मंत्री अमित शाह के पास गए। शाह से बातचीत के बाद उन्होंने फिर राहुल से बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में जितेंद्र सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की मांग थी कि नीट पर संसद में चर्चा हो। राहुल की यह मांग मान ली गई थी। लेकिन राहुल अपनी बात से मुकर गए। वह बोले- अब हमारी दो मांगे हैं। पहली- नीट पर संसद में चर्चा, दूसरी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा।

## धरनास्थल पर लगे पीएम और गृहमंत्री इस्तीफा दो के नारे

धरनास्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ता पीएम और गृहमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शन के बीच यहां पुलिस ने पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। कांग्रेस का यह प्रदर्शन बेहद सीक्रेट रहा। राहुल समेत सभी नेता कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर से पीएम आवास तक पैदल मार्च करके पहुंचे। जब ये लोग 100 मीटर दूर थे तब मीडिया को जानकारी दी गई।

## खड़गे बोले- मेरा माइक बंद किया गया

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा,हमने संसद में अन्याय, उत्पीड़न और बनाए जा रहे दबाव के मुद्दे को उठाने का समय मांगा था। लेकिन जैसे ही मैंने बोलना शुरू किया, मेरा माइक बंद कर दिया गया।



## राहुल ने कहा- पीएम अब बच नहीं सकते


राहुल गांधी ने ङ्क पोस्ट में लिखा, छात्रों पर हमला हर भारतीय परिवार पर हमला है। प्रधानमंत्री मोदी को लगता है कि वो बिना जवाब दिए, बिना किसी नतीजे का सामना किए बच निकलेंगे। नहीं कर पाएंगे, इस बार तो बिल्कुल नहीं। मैं हर उस देश भक्त भारतीय से अपील करता हूं, जो मानता है कि हमारे छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास के सामने हमारे धरने में शामिल हों। भारत के छात्रों की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



# अशोक गहलोत ने कहा- यह है लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा, यह देश किस दिशा में जा रहा है या किस दिशा में जाएगा, यह कोई नहीं जानता क्योंकि एनडीए सरकार ने जो तरीका अपनाया, उसमें उनकी कोई प्रतिक्रिया या कोई बयान नहीं देते। विपक्षी दलों की मांग पर भी कोई ध्यान नहीं देते हैं। पूरे देश में बहुत आक्रोश है। यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास पर चल रहे धरने के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जयपुर के अम्बेडकर सर्किल पर प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और कहाकि मोदी सरकार की चुप्पी ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि लोकसभा और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष को प्रधानमंत्री आवास के सामने धरना देने को मजबूर होना पड़ा है। मीडिया से 49 सिविल लाइंस पर वार्ता के दौरान अशोक गहलोत ने कहाकि मैं बहुत लंबे अरसे से कह रहा हूं कि यह देश किस दिशा में जा रहा है, कोई नहीं जानता, किस दिशा में जाएगा, किसी को नहीं मालूम। सरकार को इस समस्या को जिस रूप में लेना चाहिए था नहीं लिया। लाखों बच्चों के भविष्य का सवाल है। नीट पेपर आउट हो गया था सरकार को जो रिस्पॉन्स देना चाहिए था सरकार उसमें पूरी तरह फेल हो गई। जिसके बाद यह आंदोलन शुरू हुआ।

# पेपर लीक मुद्दे पर राहुल गांधी स्पीकर से मिले



संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। इसके पहले मंगलवार सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू हुई विपक्ष ने नीट पेपर लीक पर चर्चा की मांग की, प्लेकार्ड दिखाए और नारेबाजी की। भारी हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही पहले 12 बजे तक और इसके बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित की गई थी। सदन के बाहर आकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है, लोकतंत्र में ऐसा करना गलत है। वहीं, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत काम रोकने का नोटिस दिया है। उन्होंने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले पर तुरंत चर्चा कराने की मांग की है। वहीं, इससे पहले संसद भवन में हृष्ठ संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक में पीएम मोदी ने बताया कि पेपर लीक मामले में दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

# नगरपालिका की सफाई व्यवस्था बदहाल

## हादसों को न्योता देते खुले पड़े नाले व चैंबर
## वार्ड 25 में खुले पड़े चैंबर में गिरने से नंदी की मौत

### ईओ नहीं उठा रहे किसी का फोन

कृष्ण कुमार गांधी





**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपालिका की लापरवाही के चलते कस्बे की सफाई व्यवस्था बदहाल हो रही है। जगह-जगह गंदा पानी जमा हो रहा है नालियां व चैंबर खुले मौत के कुए बने हुए है जिनसे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बार-बार शिकायत व समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी नगरपालिका प्रशासन की आंखे नहीं खुल रही। मंगलवार को वार्ड नं 25 में खुले पड़े चैंबर में गिरने से एक नंदी की मौत हो गई। वार्डवासियों ने बताया कि करीब सालभर पहले नगरपालिका ने चैंबर बनवाया था लेकिन आज तक उसको ढक्कन लगाकर कवर नहीं किया गया, कई बार शिकायत की लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। मंगलवार सुबह जब नंदी चैंबर में गिरा तो सूचना कर दी गई लेकिन दो घंटे तक कोई नहीं पहुंचा जिससे डुबकर उसकी मौत हो गई। वार्ड के लोगों ने बताया कि यह खुला चैंबर एकदम रास्ते के सहारे है जिससे कभी भी कोई बाईक सवार या राहगीर के साथ जानलेवा हादसा हो सकता है।

### नाला सफाई को 10 लाख का टेंडर फिर भी नालियां व चैंबर बने हुए मौत के गड्ढे

कस्बेवासियों का कहना है कि नगरपालिका ने मानसून पूर्व नाला सफाई व नालियों को कवर करने के नाम पर दस लाख टेंडर जारी किया है लेकिन ठेकेदार व अधिकारी मिलकर सफाई के नाम पर लीपापोती कर रहे है। शहर में जगह-जगह नालियां अवरूद्ध हो रही है जिनसे फैलने वाली बदबु व मच्छरों से बिमारी फैलने की संभावना बनी हुई है। करीब 15 दिन पहले बरासिया मार्केट के आगे बने नाले की सफाई व उसको कवर करने के लिए दुकानदारों ने शिकायत की थी। मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी ने नाले की सफाई कर उसको कवर कराने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक ना तो नाले की सफाई हुई और ना ही नाले को कवर किया गया जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हर दिन अधिशासी अधिकारी को फोन करते है अधिकारी के पास फोन उठाने का वक्त नहीं है।

**इनका कहना है**

**सालभर पहले बना चैंबर चॉक हो रहा है कई बार नगरपालिका जेईएन व ईओ को शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सड़क किनारे बने खुले चैंबर से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।**
नरेन्द्र सिंह शेखावत, निवर्तमान पार्षद वार्ड नं 16 व पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 25

**सूरजगढ़ नगरपालिका भ्रष्टाचार को अड्डा बना हुआ है काम के नाम पर अधिकारी कुछ करते नहीं आम जनता परेशान है यह नगरपालिका नहीं नरकपालिका बनी हुई है।**
रामसिंह चेतीवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरजगढ़

**हम तो बार-बार शिकायत कर थक चुके लेकिन नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे यह तो जानवर गिरा है इसकी जगह कोई राहगीर भी हो सकता है।**
मोतीलाल शर्मा वार्डवासी

**अधिशासी अधिकारी पिछले दस दिन से फोन नहीं उठा रहे जब आज घटना के बारे में बात करने के लिए फोन किया तो फोन नहीं उठाया।**

# कोटा,बारां, बूंदी, झालावाड़ के 11 सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल हिंदी होंगे

## कम नामांकन वाले स्कूलों का मांगा गया रिकॉर्ड, छात्रों की संख्या 70 से भी कम

**कोटा।** राजस्थान के सरकारी महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में घटने स्टूडेंट्स ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की चिंता बढ़ा दी है। इसके लिए सरकार ने कम छात्र संख्या वाले अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में एक बार फिर से हिन्दी मीडियम शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस नए निर्णय के दायरे में राजस्थान के 346 महात्मा गांधी सरकारी स्कूल आ रहे हैं। वहीं, हाड़ौती संभाग के 11 सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल आ रहे है। इसमें सबसे ज्यादा बारां के सात, बूंदी के दो, कोटा और झालावाड़ का एक-एक स्कूल शामिल है। इन सभी चिन्हित स्कूलों में कुल स्टूडेंटस का नामांकन 70 से भी कम पाया गया है।

दरअसल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अनुशंसा के बाद शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। शिक्षा विभाग के शासन उप सचिव आलोक जैन के पत्र के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# पति द्वारा पत्नी की हत्या से सनसनी, घर के संदूक में मिला महिला का शव

## शराब के लिए रुपये मांगने पर हुआ था विवाद

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** थाना क्षेत्र के अगवाना खुर्द गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। घटना में महिला के पति ने ही अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को घर में रखे संदूक में छिपा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर में रखी संदूक से महिला का शव बरामद किया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूरजगढ़ थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अगवाना खुर्द निवासी कृष्ण कुमार जाट के घर में एक संदूक के अंदर महिला का शव रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान संदूक में महिला का शव मिला। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार मृतका के दोनों हाथ बंधे हुए मिले है। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कृष्ण कुमार जाट की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार घटना से पहले पति-पत्नी के बीच शराब पीने के लिए रुपये मांगने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि पत्नी द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और इसके बाद महिला की हत्या कर शव को संदूक में छिपा दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति को डिटेन कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सूरजगढ़ सीएचसी भिजवाया गया है, पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की पुष्टि होगी। थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूरे घटनाक्रम से गांव में सनसनी फैल गई है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

**तीन दिन बाद गांव के पूर्व सरपंच को दी घटना की जानकारी**-गांव के पूर्व सरपंच दुलीचंद ने बताया कि आरोपी कृष्ण कुमार जाट मंगलवार सुबह शराब के नशे में उसके घर आया और उससे कहा की काका मेरे से गलत काम हो गया शराब के नशे में होने के कारण सरपंच ने उसको ऐसे ही मजाक समझा और कहा की तुने आज तक कोई सही काम किया है क्या जो आज गलत हो गया। आरोपी ने कहा कि शनिवार को मेरी और आपकी बहु की लड़ाई हो गई थी मैने उसको मारा तो उसकी मौत हो गई। सरपंच दुलीचंद ने आरोपी से कहा अब वो कहां है तो उसने कहा घर में रखे संदुक में बंद हैं। सरपंच ने आरोपी के चाचा को यह बात बताई और दोनों जब उसके घर जाकर देखा तो मृतका की लाश संदुक में बंद थी। सरपंच ने पुलिस व मृतका के परिजनों को सूचना की।

**खुद के बेटे को करता रहा गुमराह** -मृतका के भाई रतन ने बताया कि मेरी बहिन के एक लड़का है जो 11वीं क्लास में पढ़ता है। घटना के दिन मेरा भांजा स्कूल गया हुआ था जब स्कूल से आकर उसने अपने पिता से मां के बारे में पूछा तो उसने कहा कि वह मेरे से लड़ाई करके आपके मामा के यहां चली गई। जब मेरे भांजे ने हमारे घर फोन करके पूछा की मम्मी यहां हुई है क्या तो हमने मना कर दिया। हम चिंतित हो गए जब पूछा क्या बात हुई तो उसने बताया कि मम्मी घर पर भी नहीं है।



परेशान परिजनों ने भी हर जगह अपनी बेटी को तलाश किया। लेकिन भांजे को क्या पता था कि उसके पिता ने ही उसकी मां को मार के संदूक में बंद कर रखा है।

# अमेरिका ने माना- ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल

## कहा- सुरक्षा को देखते हुए देर से जानकारी दी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को सिर पर हल्की चोट लगी थी।



पार्नेल ने यह बयान न्यूयॉर्क टाइम्स की उस रिपोर्ट के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया। उधर अमेरिका और ईरान के बीच लगातार हमले जारी हैं। ईरान ने सोमवार को उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं।

## फॉलोअप शिविर आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार द्वारा गांव भारू में अटल सेवा केन्द्र में ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के फॉलोअप शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाना और स्थानीय स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना रहा। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने समस्त ग्रामीणों से मिलकर अधिकारियों से बात कर ग्रामीणों को खाता विभाजन प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किये एवं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं वंचित रहे लोग अब फॉलोअप शिविर के माध्यम से राजकीय सेवाओं का दुबारा लाभ उठा सकेंगे। लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और पात्र व्यक्तियों को जागरूक करने की अपील भी की। इस पहल का यही प्रयास है कि हर गांव की समस्या का समाधान उसी गांव में हो जाए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी विश्वामित्र, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार मीणा, एडीओ राजेश सैनी, सरपंच प्रतिनिधि शशि कुमार भारू, पवन कुमार शर्मा, पटवारी चीना देवी, अमरचन्द ईशरवाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाएंगे अजमीढ़ धाम का स्थापना दिवस

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** स्वर्णकार समाज के आदि पुरूष महाराजा अजमीढ़ मन्दिर का 17 वां स्थापना दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ 30 व 31 जुलाई को मनाया जाएगा। समारोह को लेकर समाज में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है तथा विभिन्न क्षेत्रों से समाज बंधुओं के आगमन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महाराजा अजमीढ़ स्मृति जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष प्रभुदयाल डावर एवं कोषाध्यक्ष विनोद सुनालिया ने बताया कि समारोह के तहत 30 जुलाई की रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, इसमें समाज के विभिन्न स्थानों से पधारे कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को प्रातः सवा 8 बजे समाज की महिलाओं द्वारा जगदम्बा धर्मशाला, जीणमाता से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो गाजे बाजे के साथ अजमीढ़ धाम पहुंचेगी। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए भाग लेगी। घनश्याम बबेरवाल जयपुर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा होंगे। सुबह सवा दस बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा। तत्पश्चात उद्बोधन व सम्मान समारोह होगा जिसमें भामाशाहों, पत्रकारों, नए सदस्यों व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा थाने में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरड़क की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर व यातायात के नियमों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा रखी गई मांगों को सुनकर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देकर बैठक का समापन किया गया। इसके बाद मोड़ी गांव स्थित स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों की पालना, नए कानूनों, बाल श्रम, बाल विवाह तथा हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कानून का पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने कहा कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण यहां अपराधिक गतिविधियां अधिक होने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा अपराधी वारदात करने के बाद पड़ोसी क्षेत्र में आकर पनाह लेते है। ऐसे में बाहरी लोगों पर विशेष ध्यान रखें तथा कोई संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। इस मौके पर थानाधिकारी रामनारायण चोयल, एचसी अमरसिंह, पंकज कुमार, रोहिताश, देशराज, होशियार सिंह, सत्यवीर सिंह, रामनिवास, दीपक कुमार, अजय कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर मार्च निकाल किसानों ने मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बाडेट के किसानों ने दिल्ली में 20 जुलाई को संसद मार्च निकाल रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मार्च निकालकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की माँग की। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा के तहसील उपाध्यक्ष प्रमोद स्वामी ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कामरेड महिपाल पूनिया ने कहा कि सरकार ने शांतिपूर्ण संसद मार्च निकाल रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया जो की लोकतंत्र पर धब्बा है। सरकार को तुरंत धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना चाहिए और एनटीए को बर्खास्त कर कोई नई संस्था से नीट परीक्षा करवानी चाहिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि यज्ञपाल, समाजसेवी मंदरूप धतरवाल, कुलदीप फोगाट, भगवानराम स्वामी, गुलाब सिंह, ओम प्रकाश चंदेल, सुरेश मीणा, कृष्ण महला, कुरडा राम प्रजापत, मोहित जालंद्रा, दीपक सामरिया, सुभाष धेतरवाल, अशोक मीणा, राजेंद्र थाकन, मूलचंद धतरवाल, कुरडाराम बेनीवाल, भंवर लाल धतरवाल सहित अनेक किसान ट्रैक्टर मार्च में मौजूद थे। इसके बाद किसानो ने फसल बीमा और अन्य माँग को लेकर मलसीसर में दिए जा रहे धरने को समर्थन दिया और एसडीएम को ज्ञापन देकर गांव में स्वतंत्रता सेनानी भूराराम की प्रतिमा के लिए भूमि आंवटन की मांग की।

# ईडब्ल्यूएस के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं आयोग गठन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अधिकारों की रक्षा तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग को लेकर विप्र फाउंडेशन के संयोजन में जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एवं गौड़ ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए आवश्यक प्रावधान किए जाएं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रभावी भागीदारी निभा सके। साथ ही यह भी मांग की गई कि जिस प्रकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर अन्य वर्ग चुनाव नहीं लड़ सकते, उसी प्रकार ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितों की रक्षा के लिए भी उपयुक्त व्यवस्था लागू की जाए, जिससे इस वर्ग को संविधान प्रदत्त आरक्षण का वास्तविक लाभ मिल सके। ज्ञापन में राज्य स्तर पर ईडब्ल्यूएस आयोग के गठन की भी मांग की गई। आयोग आय सीमा, पात्रता, प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया तथा ईडब्ल्यूएस से जुड़े सभी नियमों की नियमित समीक्षा कर व्यावहारिक कमियों को दूर करे तथा यह सुनिश्चित करे कि पात्र परिवारों को योजनाओं एवं आरक्षण का लाभ बिना किसी अनावश्यक बाधा के प्राप्त हो। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से लंबित हैं। सरकार को इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की प्रभावी रक्षा हो सके।

जिला संयोजक उमाशंकर महमिया एवं जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने बताया कि यदि सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस वर्ग को उसका संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित किए बिना पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव कराए जाते हैं तो इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ में रिट याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के अधिकारों की अनदेखी कर चुनाव कराना न्यायोचित नहीं होगा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान ईडब्ल्यूएस वर्ग की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों की ओर आकर्षित करते हुए दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान संरक्षक राजेंद्र जोशी, एडवोकेट सुशील जोशी, महामंत्री वशिष्ठ शर्मा, राकेश शर्मा बगड़, नरेंद्र व्यास, महिला जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, मंत्री एडवोकेट नीरज शर्मा, रमेश चौमाल, महावीर भेड़ा, गुरुदयाल शर्मा बुहाना, एडवोकेट मनोज शर्मा, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, रामगोपाल शर्मा, श्यामसुंदर दाधीच, कोषाध्यक्ष राकेश सहल, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट अंजू शर्मा, ललित शर्मा, डब्ल्यू शर्मा, प्रमोद चोटिया, राजदीप महर्षि, विकास पुरोहित, सुभाष जोशी, एडवोकेट पंकज शर्मा, संजय शुक्ला, एडवोकेट कैलाश शर्मा, एडवोकेट कमल शर्मा, संजय शर्मा लूमास सहित विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ जुल्फिकार ने बेलूर मठ के अध्यक्ष को भेंट की पुस्तकें व फोटो

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** देश-विदेश में शोधकार्य कर स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी करने और उनके विचारों का प्रचार-प्रसार करने का बीड़ा उठाने वाले जिले के भीमसर गांव के युवा लेखक व चिन्तक डॉ जुल्फिकार ने कोलकाता में देश के सबसे प्रसिद्ध बेलूर मठ के वर्तमान 17वें अध्यक्ष जनरल श्रीमत स्वामी गौतमानंद महाराज को स्वामी विवेकानंद का प्रतीक चिन्ह और अपनी 2 पुस्तकें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी भेंट की। साथ ही रामकृष्ण मिशन खेतड़ी सहित स्वामी विवेकानंद के पद-स्पर्श से पवित्र हुए स्थान अलवर, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, माउंट आबू, खेतड़ी, झुंझुनू व जोधपुर आदि स्थानों का मानचित्र भी भेंट किया, जहाँ राजस्थान में 316 दिन की प्रवास यात्राओं के दौरान स्वामीजी गए थे। इस अवसर पर देश के सबसे प्रसिद्ध कोलकाता बेलूर मठ के प्रेसिडेंट महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन में राजस्थान विशेषकर खेतड़ी का योगदान अमूल्य है। बेलूर मठ के इतिहास और साहित्य में खेतड़ी को कर्मभूमि और संरक्षण के उस स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जाता है जिसने स्वामी विवेकानंद को एक वैश्विक अध्यात्मिक गुरु के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। राजस्थान का यह दौरा स्वामीजी के लिए आध्यात्मिक साधना और मंथन का समय था, जिससे उन्हें भारत की वास्तविक स्थिति को समझने और अपने मिशन की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिली। यह बिल्कुल सत्य है कि स्वामी विवेकानंद का राजस्थान की वीर भूमि और यहां के वीर सपूतों के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान था। उन्होंने राजस्थान को त्याग, वीरता और स्वाभिमान की भूमि माना। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में लिखे 312 पत्रों में से 125 पत्र राजस्थान के लोगों को लिखे, जो यहां के लोगों के प्रति उनके विशेष प्रेम को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ जुल्फिकार ने बेलूर मठ के प्रेसीडेंट गौतमानंद महाराज को बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस 2020 से शुरू किया गया विवेकानंद कैलेंडर अभियान के तहत अब तक 7 वर्षों में 80 हजार कैलेंडर निःशुल्क वितरित कर चुके हैं और आगामी लक्ष्य एक लाख युवाओं तक स्वामी विवेकानंद के विचारों को पहुंचाना है।

### प्रधानमंत्री मोदी का बेलूर मठ से पुराना रिश्ता

अपनी युवावस्था में जब पीएम मोदी ने घर परिवार त्याग दिया था, तब वे संन्यासी बनने की प्रबल इच्छा लेकर बेलूर मठ गए थे। उस समय बेलूर मठ के वरिष्ठ साधुओं और अध्यक्ष ने उन्हें सलाह दी थी कि उनका जीवन जनसेवा के लिए बना है। इसके बाद उन्होंने संन्यास के बजाय राष्ट्र निर्माण और समाजसेवा को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया। उनका रामकृष्ण मिशन के पूर्व अध्यक्ष, स्वामी आत्मस्थानंद महाराज से बहुत गहरा और आजीवन गुरु-शिष्य जैसा संबंध रहा। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने मठ से अपना यह आध्यात्मिक नाता नहीं तोड़ा। अभी हाल ही में कोलकाता यात्रा के दौरान उन्होंने बेलूर मठ में रात बिताई और स्वामी विवेकानंद के कमरे में ध्यान भी लगाया। बेलूर मठ के प्रति उनके सम्मान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां रुकने के दौरान सभी सुख - सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद उन्होंने एक वरिष्ठ साधु द्वारा इस्तेमाल किए गए साधारण गद्दे और तकिए पर सोना पसंद किया।

## अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैसट 2026 की अंतिम तिथि बढ़ाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा की तीन स्कूलों में एसीसी 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध चित्रकला, गीत, कविता एवं गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्राचार्य रामचन्द्र दान ने बताया कि बालक बालिकाओं ने परिवार की ताकत को समझा और उसके बारे में अपने विचार व्यक्त किया। चाचा नेहरू बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोखा में रंग बिरंगी चित्रों के माध्यम से परिवार एवं रिश्तों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य मनोज पांडे ने बच्चों को विस्तार से प्रतियोगिता व अणुव्रत की जानकारी दी। ओम नेशनल विद्या संस्था के सुशील शर्मा ने इस प्रतियोगिता की सार्थकता के बारे में बच्चों को अवगत कराया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास, मंत्री गजेंद्र पारख, संदीप चोरड़िया सम्मानित सदस्य ने उपस्थित विद्यार्थियों को गीत, कविता एवं चित्र के माध्यम से परिवार एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि विद्यालय स्तर पर अति उत्साह व अवधि बढ़ाने की माँग पर विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता करवाने की अंतिम तिथि 5 अगस्त तक आगे बढ़ाई गई है जिससे अधिक शालाओं के बच्चे भाग ले सकेंगे। संयोजक दिनेश उपाध्याय ने बताया कि अवधि आगे बढ़ाने से वंचित व उत्साहित विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

## लियो क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच रहा रोमांचक



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** लियो क्लब सीकर द्वारा आयोजित लियो क्लब मेंबर्स क्रिकेट मैच अत्यंत रोमांचक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष लियो दीपांशु मित्तल ने बताया कि इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का उद्देश्य क्लब सदस्यों के बीच आपसी समन्वय, खेल भावना और सौहार्द को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम संयोजक लियो शेखर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि टर्फ क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों ने पूरे मैच का भरपूर आनंद लिया।

मैच के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। इस अवसर पर क्लब डायरेक्टर सज्जन अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल प्रेसिडेंट लियो अनीश खान, स्नेहा खेतान, राजन गुप्ता, खुशी अग्रवाल, रितिका गोयल, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मानस अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल सहित लियो क्लब सीकर के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ एवं सभी सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अधिकारों की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में मंगलवार को ब्राह्मण समाज की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम सुनील चौहान को दिए ज्ञापन में बताया कि संविधान के 103वें संशोधन के तहत ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिसका उद्देश्य सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक समानता के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद भी व्यावहारिक स्तर पर इस वर्ग को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश में होने वाले आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए भी आरक्षित सीटों का प्रावधान किया जाए। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर अन्य वर्ग चुनाव नहीं लड़ सकते, उसी प्रकार ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए भी पृथक आरक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि इस वर्ग की राजनीतिक भागीदारी और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व मजबूत हो सके। इसके अलावा राज्य स्तर पर एक स्वतंत्र एवं सशक्त ईडब्ल्यूएस अधिकार संरक्षण आयोग के गठन की भी मांग की गई। प्रस्तावित आयोग आय सीमा, पात्रता, प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आरक्षण व्यवस्था की नियमित समीक्षा करे।

वहीं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अधिकारों के हनन के मामलों में त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाने और सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाए। इस दौरान सरकार से आग्रह किया गया कि दोनों प्रमुख मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो सके तथा उन्हें सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। इस मौके पर प्रदीप सुरोलिया, पवन शर्मा, राघवेंद्र पाल, गजेन्द्र पारीक, विशंभर दयाल, ब्रह्मानंद शर्मा, चैन सिंह, पीयूष सुरोलिया, संजय सुरोलिया, अमित शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## श्रीबालाजी सेवा धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज से शुरू

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के समीप गांव श्री बालाजी स्थित श्री बालाजी सेवा धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। महोत्सव आज 22 जुलाई से शुरू होगा जो 29 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में आज से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन अनंतश्री विभूषित महामण्डलेश्वर श्री बालाजी सेवा धाम पीठाधीश्वर आचार्य बजरंग दास महाराज करेंगे। मीडिया प्रभारी पुखराज सांखी ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी में बहुत उत्साह है। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारिया सौंपी गयी है। महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई है। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए बस से आने की, भोजन की व आवास की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। कथा की शुरुआत बुधवार से होगी, कथा दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक होगी जो की 29 जुलाई तक चलेगी। गुरु पूर्णिमा पर प्रातः सवा 8 बजे गुरु पूजन, सवा 9 बजे हवन-यज्ञ, सवा 10 बजे गुरुआशीर्वाद वचन तथा दोपहर सवा 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## फतेहपुरिया अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट लगाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता विजय चौहान ने प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर से मिलकर सुजानगढ़ के फतेहपुरिया अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान किए जाने की मांग की है। मंत्री को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ के फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में पिछले करीब साढ़े 3 माह से सोनोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने के कारण गर्भवती महिलाओं को दिक्कतें हो रही हैं। अतः यहां पर सोनोलॉजिस्ट लगाया जावे या नियुक्ति नहीं होने पर अनुभवी सोनोलॉजिस्ट को डेपुटेशन पर नियुक्ति दी जावे।

# अगले सात दिन में एचआरपी डिलीवरी वाली गर्भवती को सरकारी अस्पताल लेकर जाएगी एएनएम

## एम्बुलेंस के साथ सरकारी संस्थान पहले से तय होगा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिले में अब प्रत्येक हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली गर्भवती एएनएम एवं आशा की निगरानी में होगी। वहीं जिन चिह्नित हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली गर्भवती के प्रसव आगामी सात दिवस में होने वाला है, उन सभी को सरकारी चिकित्सा संस्थान में एएनएम व आशा लेकर जाएगी, जहां पर उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए नई गाइड लाइन लागू है। इसके तहत गर्भावस्था के पहले पंजीकरण के समय ही महिला की स्वास्थ्य जांच कर प्रसव संबंधी जोखिम का आकलन किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान पर गर्भवती को उसके जोखिम के अनुसार जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैसे हायर सेंटर भेजा जाएगा। इस संबंध में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकार शर्मा व निदेशक आरसीएच डॉ मधु रतेश्वर एवं जिले के प्रभारी डॉ सत्यनारायण धौलपुरिया ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेस में निर्देश दिए। उन्होंने जिला, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और एएनएम से उनके ब्लॉक, क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और चिह्नित की गई हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की जानकारी ली। उन्होंने एएनएम से वार्ता करते हुए उनको गर्भवती के संपर्क में रहकर उसके स्वास्थ्य की निगरानी रखने तथा आगामी सात दिन में जिन हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं के प्रसव होने वाला है, उनको शीघ्र नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान में लेकर जाने के निर्देश दिए। साथ ही लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर और प्रसूती सेवाओं के लिए जारी प्रोटोकॉल की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि नई व्यवस्था में हर गर्भवती का पंजीकरण के समय सभी जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाएगा। एएनसी जांच और चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर जोखिम तय होगा और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मिलने पर उसके कारणों की पहचान कर उपचार शुरू किया जाएगा। चिकित्सक प्रसव का जोखिम निर्धारित करेंगे और उसके अनुसार महिला को पीएचसी, सीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में प्रसव केन्द्र पहले से तय होगा। एएनएम और आशा नियमित गर्भवती के संपर्क में रहेगी तथा सप्ताह में कई बार उसकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी लेगी। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होगी।

### चिकित्सालयों से प्रतिदिन ली जाएगी रिपोर्ट

मातृ मृत्यु ऑडिट कमेटी हर सप्ताह समीक्षा करेगी। गर्भवती की एनीमिया, दो बच्चों के बीच अंतर, ब्लड प्रेशर, टीबी, डायबिटीज व अन्य जोखिम को ध्यान में रखकर कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजी तैयार की जाएगी। प्रतिदिन लैबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू, ब्लड बैंक, बैड उपलब्धता, सामान्य व सिजेरियन प्रसव, भर्ती हाई रिस्क गर्भवतियों की स्थिति की रिपोर्ट ली जाएगी। वीसी में जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, डीपीओ प्रकाश गहलोत, प्रदीप चाहर आदि मौजूद थे।



# नगरपरिषद में शुरू हुए फोलो अप कैंप



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** फोलो ऑप कैम्प शहरी सेवा शिविर 2026 के अन्तर्गत नगरपरिषद में वार्ड नं. 1 व 2 तक का शिविर आयोजित किया गया। कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 3, पट्टा नवीनीकरण 5, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूड टैक्स के आवेदन 5, जीवीपी 5, सीवर कनेक्शन 6, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 20, स्ट्रीट लाईट 6, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 3, पीएम स्वनिधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 30, वृक्षारोपण 52,, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 2, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 8 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। शिविर में निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणिया, रेंवतमल पंवार, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मनीष दाधीच, राकेश प्रजापत आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार साखुनिया, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबीता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, लेखा सहायक सरिता बुडानिया, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

# आचार्य महाश्रमण का बचपन स्कूल में आगमन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें आचार्य महाश्रमण का मंगलवार को बचपन स्कूल में आकस्मिक आगमन हुआ। इस दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हाथ जोड़कर उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। आचार्यश्री ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सदैव सत्य बोलें, झूठ से दूर रहें, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें तथा अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में अपनाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्या हर्षिता जैन ने बताया कि आचार्यश्री का विद्यालय आगमन बच्चों के लिए प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय रहा। उनके आशीर्वचनों से विद्यार्थियों को नैतिक जीवन एवं संस्कारों की अमूल्य सीख मिली। विद्यालय परिवार ने आचार्यश्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शहर में नहीं थम रहा बेसहारा गौवंश का आतंक

## सांड के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर में बेसहारा गौवंश का आतंक लगातार लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। मंगलवार को तेली रोड स्थित गली नंबर 10 के सामने एक बेसहारा सांड ने अचानक राह चलते बुजुर्ग रमजान सांई पर हमला कर उसके चेहरे को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांड ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार करवाया है। गौरतलब है कि नगरपालिका द्वारा समय-समय पर बेसहारा गौवंश को पकड़ने के अभियान चलाए जाने के बावजूद शहर की मुख्य सड़कों और रिहायशी इलाकों में सांडों की धमा-चौकड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन हो रही ऐसी घटनाओं से आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। शहरवासियों ने प्रशासन और नगरपालिका से मांग की है कि बेसहारा गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कासण के छात्र ठोलिया ने नीट में लहराया परचम

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** तहसील के सबसे छोटे गांव कासण के होनहार विद्यार्थी कृष्ण ठोलिया पुत्र किस्तुरा राम ठोलिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कृष्ण ने परीक्षा में 630 अंक प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय रैंक 3471 तथा ओबीसी वर्ग में 1341वीं रैंक अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से गांव कासण प्रथम डॉक्टर बनेगा। नीट में चयन की सूचना मिलते ही परिजनों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने कृष्ण को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नेता नाथूराम कालेरा ने कहा कि कासण जैसे छोटे गांव के विद्यार्थी ने यह उपलब्धि हासिल कर साबित कर दिया है कि मजबूत संकल्प और मेहनत के दम पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परिजनों ने बताया कि कृष्ण शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहे हैं। उनकी इस सफलता से गांव के अन्य विद्यार्थियों में भी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का हौसला मिला है।

# 55 लाख की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवन का हुआ लोकापर्ण

## भामाशाहों के सहयोग से ही विकास कार्यो के चार चांद लगते है : जाखल

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के ग्राम पंचायत ढाणिया के मिश्रावाली ढाणी में नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवन का मंगलवार को लोकापर्ण समारोह आयोजित हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल समारोह के मुख्य अतिथि थे। पीएमओ डॉ महेन्द्र कुमार सबलानिया, सरपंच सुशीला देवी, पूर्व सरपंच सांवरमल सैनी, पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य बिरबल सिंह गोदारा, डॉ विरेन्द्र, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खन लाल सैनी, निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य सुभाष लाम्बा, गोकुलचन्द सैनी, सांवतराम सैनी, रेखाराम सैनी, रामकुमार सैनी, संतरा देवी, सुनिल सामरा विशिष्ट अतिथि थे। ग्रामीणों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल का स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने लगभग 55 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित भवन का फीता काटकार शुभारम्भ किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल व अतिथियों ने उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवन की लोकापर्ण पटिका का अनावरण कर भवन का शुभारम्भ किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने भूमि दानदाता रामकुमार सैनी पुत्र भानाराम सैनी व संतरा देवी धर्मपत्नि रामावतार सैनी का साफा, शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई भी कमी नहीं आने दी जायेगी। हर क्षेत्र में विकास के कार्य करवाकर आमजन को समर्पित किये है। आज उपास्वास्थ केन्द्र के भवन का भी लोकापर्ण कर दिया हैं। उपस्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही अन्य सुविधाओं का भी विस्तार भी किया जायेगा। वही कहा कि जहां आज के समय लोग छोटे-छोटे भूखण्डों के लिये आपस में विवाद कर रहे, भूमाफिया जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे लेकिन भामाशाह रामकुमार सैनी पुत्र भानाराम सैनी व संतरा देवी धर्म पत्नी रामावतार भूमिदानदाता ने बड़ा दिल रखते हुये अपनी बेशकीमती जमीन में से उपास्वास्थ्य केन्द्र के लिये अपनी भूमि प्रदान की है। हम सबको भामाशाहों का भी सम्मान करना चाहिये। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत ढाणिया में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो की मांग को लेकर मांग पत्र भी दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच शीशपाल गोदारा, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष गौतम खण्डेलवाल, पार्षद हितेश थोरी, श्याम सुन्दर सैनी, नाहरसिंह सांखला, निवास सैनी डीलर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष शर्मा, संदीप सैनी, ओमप्रकाश पंच, कमलेश, रामस्वरूप, कमल कालेर, युवा नेता सुनिल सैनी, बृजलाल सैनी, केशरदेव सैनी, श्रवण ठेकेदार, सरोज देवी, संतोष देवी, अनुराधा, जगदीश प्रसाद, पोकरमल, भागीरथमल, रामेश्वरलाल सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन का नितिन पूनिया व सुनिल सामरा ने किया।




# विद्यार्थी नशे से दूर रहें, एडीजे न्यायाधीश




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार दिनांक कानूनी साक्षरता व संवेदनीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों से नशे की लत से दूर रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजे महेश कुमार मीणा रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल, पीएलवी राम प्रसाद शर्मा रहे। मुख्य अतिथि एडीजे महेश कुमार मीणा ने बालक बालिकाओं एवं उपस्थित स्टाफको नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे को हर बार ना कहो और अपने सपनो को हां कहो, नशा कोई स्टाईल नहीं है, नशा बीमारी है। प्रिंसिपल रणवीर सिंह महरिया ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। जबकि श्याम सुंदर खंडेलवाल, रामप्रसाद शर्मा ने भी विधिक जानकारी और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। संचालन एकता मीणा ने किया। इसी प्रकार भराडिया स्कूल में मुख्य अतिथि एसीजेएम विकास गजराज ने छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत एवं प्रिंसिपल रामावतार शर्मा रहे। राजकीय झंवर स्कूल में मुख्य अतिथि जेएम पूनम राठौड़ ने बालिकाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। एडवोकेट संतोष सोनी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# विद्यालयों में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर रूपा गुप्ता एवं सचिव के निर्देशानुसार एवं रविकांत जिंदल अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के निर्देशन में माह के तीसरे मंगलवार को ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक अधिकारीगण रविकांत जिंदल, एडीजे श्रीमाधोपुर, नीतू एसीजेएम क्रम सं-1, श्रीमाधोपुर द्वारा न्यायक्षेत्र स्थित स्थानीय विद्यालय में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण द्वारा विद्यालय में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के कार्यक्रम में विद्यालयों में उपस्थित छात्रों को नशे को ना कहे, अपने सपनों को हाँ कहे, नशा कोई स्टाइल नहीं अपने मन, शरीर और भविष्य की रक्षा करो, थीम पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव व इनसे बचने, बच्चों पर नशे के प्रभावों, एनडीपीएस एक्ट, 1985, नशे के विभिन्न रूपो यथा तंबाकू उत्पाद, शराब, कोकीन, ड्रग्स, गांजा, अफीम आदि उतेजक पदार्थों कोकीन आदि क्लब, पार्टियों के नशे के बढ़ते चलन से बचने, सिंथेटिक ड्रग्स, नशे के कारण परिवार और समाज पर पड़ने वाला प्रभाव, नशे से शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान, नालसा ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस, ड्रग फ्री इंडिया के लिए, योजना 2025, नशे से मानसिक व शारीरिक विकास में बाधा, पढ़ाई में अवरोध, व्यवहार में परिवर्तन गुस्सा, झगडालू प्रवृति आदि के बारे में जानकारी दी। एडीजे रविकांत जिंदल ने बताया कि नशा एक जाल है जो स्वास्थ्य, पढाई, संबंध और भविष्य नष्ट कर देता है एवं आत्मविश्वास, प्रतिष्ठा और मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचाता है।

बच्चों को नशे से दूर रहने व समाज द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम को बढ़ावा देना आदि के बारे अवगत करवाया।

# गर्मी से मिली कुछ राहत

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** मंगलवार का दिन गर्मी से राहत भरा रहा। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हुई हल्की बारिश बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की है। दिनभर आसामान में बादल छाये रहे लेकिन अपेक्षाकृत बारिश नहीं होने के कारण लोगों को बारिश ने निराश किया। वहीं किसानों को अपनी फसलों के लिए अच्छी बारिश का अब भी इंतजार है।

# सात वर्षीय बच्ची के गले में सिक्का फंसने का ऑपरेशन एवं उपचार के बाद बीडीके अस्पताल से डिस्चार्ज

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के सबसे बड़े बीडीके अस्पताल, झुंझुनू के पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि चिड़ावा के पास गूगोजी की ढाणी निवासी सात वर्षीय बच्ची की भोजन नली के ऊपरी भाग में फंसे हुए सिक्के को सोमवार को एंडोस्कोपिक तकनीकी से निकाल दिया गया था। बीडीके अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एंडोस्कोपी की सहायता से सिक्के को सफलतापूर्वक निकालने के बाद निरंतर मॉनिटारिंग की जा रही थी। हिमांशी की मां ने बताया कि बेटी को आगे अनावश्यक एवं अनजाने में चीजें मुंह, नाक में नहीं लेने का संकल्प दिलाया हैं। उन्होने पहली बार सरकारी अस्पताल की सेवाओं का लाभ लिया है। बीडीके अस्पताल के अनुभव को बहुत बेहतरीन एवं जीवनदायिनी बताया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ ने ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा कृष्णिया, प्रमुख विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र पायल, डा दुष्यंत बसेरा एवं एनीसथिसिया, वार्ड टीम के कार्य की सराहना की गयी। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि बच्चों में आपातकालीन ईकाई में एक्सीडेंटल केसेज लेकर आने में बढ़ोतरी हुई। बच्चों द्वारा खिलौनों, ज्वलनशील पदार्थ अनजाने में नाक, मुंह, कान आदि में डाल लिया जाता है। तारपीन, केरोसीन, पेंट जैसे पदार्थ को एक्सीडेंटल सेवन कर लिया जाता है। रैलिंग/छत से गिरने, बिजली के स्विच बोर्ड में अगूंलियां फंसाने जैसे केसेज प्रतिदिन आ रहे हैं। परिजन विशेष तौर पर ध्यान रखे। परिजन तकलीफ़ होने पर लंबे समय तक घर पर लेकर नहीं बैठे रहे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचना चाहिए क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इस दौरान आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ राजेन्द्र पायल, डॉ दुष्यंत बसेरा, डॉ प्रतिभा, नर्सिंग अधीक्षक प्यारेलाल, नर्सिंग प्रभारी सविता समेत कार्मिक उपस्थित रहे।




# सत्यनारायण अरोड़ा की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन में स्व. सत्यनारायण अरोड़ा की स्मृति में लगातार छठे साल विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच, सत्यम परिवार, गणगौर शाखा, लायंस इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का संत विकास नाथ महाराज, राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, विधायक मनोज मेघवाल, पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया आदि ने अवलोकन कर रक्तवीरो का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जिस प्रकार से सत्यम परिवार इस विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष कर रहा है, उससे लगता है कि सुजानगढ़ क्षेत्र में कोई व्यक्ति रक्त की कमी के कारण अपनी जान नहीं गवां सकता। पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया ने बताया कि सुजानगढ़ का ये रक्तदान शिविर अपने आप में मानवता की बड़ी मिसाल है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, मनीष दाधीच, पुरुषोत्तम शर्मा, जयश्री दाधीच, कमल दाधीच, गौरव इंदौरिया, मनोज पारीक, कांग्रेस नेता अमित मारोठिया, बजरंग सेन, हाफिज अब्दुल सलाम खींची भी शिविर में पहुंचे। मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय महामंत्री मोहित नाहटा, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा, भामाशाह पवन मौसूण, मारवाड़ी युवा मंच के स्थानीय अध्यक्ष मनोज शर्मा, गौरव सोनी, नवीन सोनी, महेश शर्मा, महेश तंवर, अनुज शर्मा, अरविंद विश्वेंद्रा, सांवरमल जालान, सुभाष बरमेचा, लोकेश जांगिड़, परवीन प्रजापत, विनोद सेन, गणगौर शाखा अध्यक्ष करुणा जांगिड़, पूजा शर्मा, भानुप्रिया जांगिड़, प्रमिला प्रजापत, नेहा शर्मा, योगेश्वरी सेन, गंगा सोनी, शिप्रा अरोड़ा, प्रीति धारीवाल, रश्मि शर्मा, टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, लायंस इंटरनेशनल सुजानगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी, सचिव देवेंद्र बेदी, कोषाध्यक्ष मुरली राठी, जोन चेयरपर्सन प्रशांत पारीक, एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, उपाध्यक्ष अशोक जाजू, संजय गोयल, उपाध्यक्ष एमजेएफ पवन मौसूण, कैलाश तंवर, एडवोकेट अंकित चोटिया, विनोद नवहाल, सुनीता तापड़िया, मोनिका सोनी, रेखा सोनी, सुनीता रावतानी, ऊषा तंवर, कविता गोयल, चित्रा जगवानी, सुनीता बेदी, अभिषेक पोद्दार, सत्यम परिवार के परमानंद अरोड़ा, ब्रह्मप्रकाश, महेश अरोड़ा, प्रभात अरोड़ा, भास्कर अरोड़ा, विष्णु, चयन, शोभित, हर्षित आदि ने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। शिविर में मित्तल ब्लड बैंक सीकर, दुर्लभजी ब्लड बैंक जयपुर, लायंस चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक सुजानगढ़ की टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। शिविर में रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र और बैग प्रदान कर सम्मान किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा ने बताया कि 6 सालों में साढ़े 6 हजार से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है। इस शिविर में भी शाम के 6 बजे तक 7 सौ लोगों ने रक्तदान किया है और रात के दस बजे तक रक्त संग्रहण का कार्य किया जायेगा। जिससे ये आंकड़ा और ज्यादा बढ़ने की संभावना है।



## सम्पादकीय

# दिशाहीन आयोजन



सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की एक आहत करने वाली टिप्पणी की प्रतिक्रिया से उपजी काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के संसद मार्च के समय दिल्ली में जिस तरह हंगामा और हिंसा हुई, उसकी आशंका पहले से ही थी, क्योंकि इस कथित राजनीतिक दल का धरना-प्रदर्शन पूरी तरह दिशाहीन था। सच तो यह है कि इस समूह का गठन ही हास-परिहास का परिणाम था। उसे खुद के एक राजनीतिक ताकत बन जाने का भ्रम इसलिए हो गया, क्योंकि इंटरनेट मीडिया पर उसके करोड़ों फालोअर्स हो गए थे। इस भ्रम ने ही एक दिशाहीन आंदोलन की नींव रखी। सीजेपी इसका उदाहरण है कि आनलाइन प्रसिद्धि धरातल पर कोई असर नहीं दिखाती।

सीजेपी का धरना-प्रदर्शन न केवल मोदी सरकार के हर किस्म के विरोधियों और खासकर आंदोलनजीवियों का आसान मंच बन गया था, बल्कि हर कोई उसे अपनी तरह से भुनाने में लगा हुआ था। विपक्षी दलों ने भी उसके मंच का उपयोग बहती गंगा में हाथ धोने वाले अंदाज में ही किया। यह किसी से छिपा नहीं कि उसके मंच से किस तरह नीट पेपर लीक के साथ देश-दुनिया के अनगिनत मसलों को उठाया जा रहा था। सीजेपी का आयोजन विश्वसनीयता इसलिए नहीं हासिल कर पाया, क्योंकि इस समूह के जो कर्ता-धर्ता इसके लिए व्यग्र दिख रहे थे कि उनके साथ आ गए लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक अपनी जान जोखिम में डालकर भी भूख हड़ताल जारी रखें, वे स्वयं अनशन करने और यहां तक कि धरना स्थल पर निरंतर उपस्थित रहने के लिए भी तैयार नहीं थे।

सीजेपी के संसद मार्च में भीड़ इसलिए जुट गई, क्योंकि उच्च न्यायालय के आदेश पर सोनम वांगचुक को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था, लेकिन यह भीड़ इसलिए पूरी तरह अनियंत्रित थी, क्योंकि कोई भी उसे दिशा देने वाला नहीं था। क्या यह विचित्र नहीं कि जब सीजेपी नेता अपना अनशन खत्म करने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात करने की तैयारी कर रहे थे तो संसद मार्च में शामिल भीड़ संसद में घुसने की चेष्टा कर रही थी। आखिर इससे क्या हासिल होने वाला था? इस चेष्टा के बाद वह सब कुछ होना ही था, जो दिल्ली की सड़कों पर देखने को मिला।

इसे रोका जा सकता था, यदि सीजेपी नेता किसी सुविचारित रणनीति के तहत अपना धरना-प्रदर्शन कर रहे होते। उन्हें यह आभास होना चाहिए था कि उनका अपने समर्थकों पर कोई नियंत्रण नहीं। चूंकि संसद के प्रत्येक सत्र के पहले ऐसा कुछ होता है, जिससे विपक्ष को पहले ही दिन सदन में हंगामा करने का अवसर मिल जाता है, इसलिए सरकार को भी चाहिए था कि वह संसद मार्च के पहले ही सीजेपी के नेताओं से संवाद-संपर्क की पहल करती। आखिर जो बातचीत अब हुई, वह पहले क्यों नहीं हो सकती थी?

## विशेष आलेख

# तीन माह में बदल गई संसद की तस्वीर



नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा को सबसे बड़ा चुनावी झटका 2024 के लोकसभा चुनाव में लगा। 2019 में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 पर सिमट गई तो इसी साल बजट सत्र में उसे पहली बार संसद में विधेयक गिरने से शर्मसार होना पड़ा। परिसीमन विधेयक 54 वोटों की कमी से लोकसभा में गिर गया, लेकिन अब जबकि संसद का मानसून सत्र शुरू हो गया है, तब परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। 2024 में अपने बेहतर चुनावी प्रदर्शन से उत्साहित विपक्षी गठबंधन को बीच-बीच में आंतरिक संकटों का सामना भी करना पड़ा, पर परिसीमन विधेयक गिरा कर मोदी सरकार को तगड़ा झटका जोर से ही देने से उसके हौसले फिर से बुलंद हो गए। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उतरने तक विपक्ष के हौसले बुलंद थे, लेकिन परिणामों के बाद देश की राजनीति की तस्वीर और तेवर तेजी से बदले। भाजपा ने जहां बंगाल की सत्ता हासिल कर असंभव को संभव कर दिखाया, वहीं विपक्ष उसके बाद से एक के बाद एक झटके झेल रहा है और पता नहीं कि ये झटके कब और कहां जा कर रुकेंगे।

गठबंधन के तौर पर विपक्ष केरलम के चुनाव परिणाम पर संतोष कर सकता है कि सत्ता एलडीएफ से यूडीएफ को ही हस्तांतरित हुई, लेकिन तमिलनाडु में हार के बाद तेजी से बदले समीकरणों में द्रमुक की विपक्षी गठबंधन से विदाई उसके लिए बड़ा झटका है और भाजपा के लिए मुंहमांगी मुराद। बंगाल में भाजपा को भले ही अपनी जीत का भरोसा रहा हो, पर ममता की हार की उम्मीद ज्यादातर लोगों को नहीं थी, लेकिन नतीजों ने सबको चौंकाया। कभी न कभी सत्ता से विदाई सबकी होती है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस में जैसा बिखराव हुआ, वह अप्रत्याशित है। इसी बिखराव ने देश की राजनीति की तस्वीर और तेवर बदलने की भूमिका भी लिखी। कांग्रेस से अलग अपनी तृणमूल कांग्रेस बनाकर ममता ने जिस तरह साढ़े तीन दशक पुरानी वाम मोर्चा सत्ता को उखाड़ फेंका, वह उनके राजनीतिक कौशल और जुझारूपन की कहानी है। जब सत्ता खिसकते ही ऐसी नेत्री के सांसदों-विधायकों में भगदड़ मच गई, तब तमिल राजनीति में दशकों बाद तीसरा कोण उभरने से स्तब्ध द्रमुक तथा पहले भी विभाजन झेल चुकीं शिवसेना और एनसीपी में पालाबदल पर ज्यादा आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

तृणमूल के 80 में से 60 विधायकों और 28 लोकसभा सदस्यों में से 20 की बगावत बहुत कुछ कहती है। बंगाल के राजनीतिक मिजाज और तृणमूल में बिखराव से ममता की सत्ता में वापसी आसान नहीं लगती। फिर अभी लोकसभा चुनाव लगभग ढाई और विधानसभा चुनाव पांच साल दूर हैं। इतने लंबे समय तक सड़क पर रहकर अगला चुनाव जीतना भी दूभर हो जाएगा, जबकि पालाबदल से सत्ता सुख की संभावनाएं हैं। तृणमूल छोड़ने वाले तीन राज्यसभा सदस्यों को भाजपा ने उपचुनाव में टिकट दे ही दिया। चौथे का भी नंबर लग ही जाएगा। खुद को असली तृणमूल बता रहे 60 बागी विधायकों के नेता ऋतब्रत बनर्जी की मंजिल नेता प्रतिपक्ष बनने के बावजूद दूर लगती है, लेकिन एक अल्पज्ञात क्षेत्रीय दल एनसीपीआइ में शामिल हो गए 20 सांसदों में से एक या दो को मोदी मंत्रिमंडल के संभावित फेरबदल में मौका मिल सकता है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना में दूसरी बार बगावत के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना में गए छह लोकसभा सदस्यों को सत्ता मिले या न मिले, पर उसका सान्निध्य तो तय है ही।

शून्य सांसद-विधायक वाली एनसीपीआइ को अचानक 20 लोकसभा सदस्य मिल गए तो सात लोकसभा सदस्यों वाली शिवसेना का कुनबा रातोंरात 13 तक पहुंच गया। कोई नहीं बता सकता कि शरद पवार की एनसीपी के आठ लोकसभा सदस्य कब और किस रास्ते से राजग का कुनबा बढ़ा दें। भाजपा चाहती है कि पहले एनसीपी के दोनों गुटों का विलय हो और फिर वह राजग का हिस्सा बनें। एनसीपी का अजीत पवार गुट फिलहाल राजग में है। अजीत के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री भी हैं। दोनों गुटों के विलय की चर्चाएं विमान दुर्घटना में अजीत की मृत्यु के पहले भी चल रही थीं। अब सुनेत्रा और उनके राज्यसभा सदस्य पुत्र पार्थ को आशंका है कि विलय के बाद वे शरद पवार और सुप्रिया सुले की राजनीतिक बिसात के सामने टिक नहीं पाएंगे, पर उनके ज्यादातर विधायक विलय के पक्षधर हैं। जो भी हो, पिछले लोकसभा चुनाव और गत संसद सत्र में जिस मोदी सरकार को पराजित करने के लिए विपक्षी दल एकजुट और आक्रामक नजर आ रहे थे, आज वे एकता और रक्षा, दोनों के संकट से रूबरू हैं। देश के राजनीतिक परिदृश्य, खासकर संसद की तस्वीर में यह बदलाव महज तीन महीने में आया है। एक और बड़ा बदलाव यह भी है कि 22 लोकसभा सदस्यों वाले द्रमुक ने विपक्षी खेमे से अलग बैठने का फैसला किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उद्धव की शिवसेना के छह सदस्यों के शिंदे की शिवसेना में शामिल होने को मान्यता देने के साथ ही लोकसभा की संख्याबल में बड़ा बदलाव आ गया है। तृणमूल से बगावत कर एनसीपीआइ में शामिल हुए 20 सांसदों को भी अलग संसदीय पहचान मिल चुकी है। इस बड़े बदलाव के मूल में पिछले सत्र में विधेयक गिरने का बदला लेने के साथ ही विपक्ष को सबक सिखाने की रणनीति समझ पाना मुश्किल नहीं होना चाहिए। हालांकि मानसून सत्र के घोषित एजेंडा में परिसीमन विधेयक नहीं है, पर उसे पारित करवाने की नए सिरे से कोशिशों की संभावनाएं नकारी नहीं जा सकतीं। 37 सांसदों वाली सपा को लुभाने की कोशिशें अभी तक सफल नहीं दिखतीं, लेकिन सरकार दो-तिहाई बहुमत के इतना नजदीक अवश्य पहुंच गई है कि मतदान से अनुपस्थिति और वाकआउट सरीखे विकल्पों से सदन में वह आंकड़ा हासिल कर सके। परिसीमन विधेयक के विरोध में दक्षिण भारतीय राज्यों की गोलबंदी कर रहे द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन अब सभी राज्यों में 50 प्रतिशत सीटों की वृद्धि के प्रविधान के साथ विधेयक के वैसे मुखर विरोधी नजर नहीं आते। दूध का जला छाछ को भी फूंक-फूंक कर पीता है। इसलिए दो-तिहाई आंकड़े के प्रति आश्वस्त हुए बिना मोदी सरकार परिसीमन विधेयक दोबारा तो संसद में नहीं लाएगी, लेकिन उसने विपक्ष को रक्षात्मक मुद्रा में अवश्य ला दिया है।

## आज का राशिफल

### मेष

प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

### वृष

बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

### मिथुन

स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

### कर्क

लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

### सिंह

पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

### कन्या

लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

### तुला

कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### वृश्चिक

यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

### धनु

भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

### मकर

रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### कुंभ

शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

### मीन

जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# डल और ड्राई स्किन से बचने के लिए चेहरे पर लगाएं तुलसी और दही

स्किन को बेदाग और जवान बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर स्किन केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनके इस्तेमाल से स्किन को नुकसान पहुंचने का खतरा भी रहता है। स्किन को बेहतर और बेदाग बनाने के लिए तुलसी और दही का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। तुलसी का इस्तेमाल हिंदू धर्म में धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। अनेकों औषधीय गुणों से युक्त तुलसी को आयुर्वेद में कई गंभीर बीमारियों का इलाज करने में इस्तेमाल किया जाता है।

वहीं दही प्रोबायोटिक गुणों से युक्त होती है। बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं। चेहरे पर इसका इस्तेमाल फेस पैक के रूप में करने से कई फायदे मिलते हैं। तुलसी और दही का मिश्रण न सिर्फ स्किन को बेहतर बनाने में मदद करता है बल्कि इसका इस्तेमाल बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद फुंसी और एक्ने से छुटकारा पाने में भी फायदेमंद होता है।

### डल और ड्राई स्किन से बचाव

स्किन डल और ड्राई होने से बचाने के लिए तुलसी और दही का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।



यह फेस पैक स्किन को ड्राई होने से बचाता है और चेहरे की नमी को ठीक रखने में मदद करता है। आप सप्ताह में दो बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एक्ने और पिंपल्स से छुटकारा

तुलसी और दही में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने से चेहरे पर होने वाले एक्ने, पिंपल्स, फोड़े और फुंसी से छुटकारा मिलता है। इस फेस पैक को लगाने से स्किन अंदर से साफ होती है।

### दाग-धब्बों को हटाने में फायदेमंद

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों को हटाने में तुलसी और दही का फेस पैक फायदेमंद होता है। इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं। दही, तुलसी की पत्तियों के साथ नींबू का रस मिलाकर लगाने से चेहरे पर मौजदू दाग-धब्बे जल्दी दूर हो जाते हैं।

### चेहरे का ग्लो बढ़ाए

चेहरे का ग्लो बढ़ाने और एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए दही और तुलसी का फेस पैक बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से झुर्रियों को कम करने में भी मदद मिलती है।

### टैनिंग दूर करने में फायदेमंद

सनबर्न और टैनिंग को दूर करने के लिए भी तुलसी और दही का फेस पैक बहुत फायदेमंद होता है। इसमें एलोवेरा मिलाकर लगाने से दोगुना फायदा मिलता है।



### कैसे बनाएं तुलसी और दही का फेस पैक?

तुलसी की पत्तियों को पीसकर एक फाइन पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट में दो चम्मच दही मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। आप चाहें तो इस पेस्ट को टाइट करने के लिए आधा चम्मच बेसन भी मिला सकते हैं।

अब इस पेस्ट को अच्छी तरह से चेहरे और गर्दन पर अच्छी तरह से लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को साफ करें। ऐसा करने से स्किन का ग्लो बढ़ेगा और कई परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

# अर्थराइटिस की वजह से होने वाले दर्द को कम करता है महुआ का तेल

ज के दौर में शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण कई तरह के रोग होने लगे हैं। आज कम उम्र के लोगों को भी जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या हो सकती है। दरअसल, डाइट और लाइफस्टाइल में हुए बदलाव की वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जोड़ों में दर्द होने पर व्यक्ति को चलने में परेशानी होने लगती है। इसके अलावा, कई बार जोड़ों का दर्द इतना बढ़ जाता है, जिसकी वजह से लोगों को पैरों में सूजन भी दिखाई देने लगती है। अर्थराइटिस भी जोड़ो में दर्द का एक मुख्य कारण बन सकता है।

### मांसपेशियों की ऐंठन में आराम मिलना

महुआ के तेल से मसाज करने पर मांसपेशियों को ऐंठन दूर होती है। इसके अलावा त्वचा को फ्री रेडिकल्स की वजह से होने वाले नुकसान से बचाने में भी सहायक होता है। इस तेल की मसाज करने से जोड़ों का दर्द कम होता है और मूवमेंट बेहतर होता है।

### सूजन कम होना

महुआ का तेल घुटनों की सूजन को कम करने में सहायक होता है। इसके इस्तेमाल से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और घुटने के दर्द में आराम मिलता है। साथ ही, सूजन धीरे-धीरे कम होने लगती है।

# स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो

यह तो हम सभी जानते हैं कि वर्कआउट करना सेहत के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन अक्सर हम बॉडी स्ट्रेचिंग पर उतना ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज से भी आपको बहुत अधिक लाभ मिलता है। यह आपके रेंज ऑफ मोशन को इंप्रूव करने में मददगार है, जिसके कारण आपको चोट लगने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इससे आपकी बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी में भी सुधार होता है, जिससे फिजिकल एक्टिविटी या वर्कआउट परफार्मेंगस में इंप्रूवमेंट साफतौर पर दिखाई देती है। इसके अलावा, स्ट्रेचिंग के कारण मसल्स ब्लड फ्लो भी बेहतर होता है।



**कंफर्ट लेवल से अधिक ना करें :** अक्सर लोग स्ट्रेचिंग करते समय शरीर को बहुत अधिक खींचने का प्रयास करते हैं। यह सच है कि स्ट्रेचिंग के दौरान मसल्स में हल्का खिंचाव महसूस होता है, लेकिन आपको कभी भी दर्द महसूस नहीं होना चाहिए। यदि आपको स्ट्रेचिंग करते हुए शरीर में अनकंफर्टेबल या दर्द का अहसास हो तो ऐसे में आपको थोड़ा कम स्ट्रेच करना चाहिए। शरीर को बहुत अधिक स्ट्रेच करने से भी आपको समस्या हो सकती है।

**कई बार ना करें स्ट्रेचिंग :** अन्य किसी भी एक्सरसाइज की ही तरह स्ट्रेचिंग भी आपके शरीर पर स्ट्रेस डालती है। इसलिए, बहुत अधिक स्ट्रेचिंग करने से भी बचा चाहिए। अगर आप एक ही मसल्स ग्रुप को दिन में कई बार स्ट्रेच कर रहे हैं, तो इससे आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वर्कआउट के बाद करें स्ट्रेचिंग :** आप स्ट्रेचिंग किस समय कर रहे हैं, इसका भी गहरा असर आपकी बॉडी व मसल्स पर पड़ता है। स्ट्रेचिंग करने का सबसे अच्छा समय वर्कआउट करने के बाद का है। दरअसल, इस दौरान आपका शरीर गर्म होता है और ऐसे में आपके लिए स्ट्रेचिंग करना अधिक आरामदायक रहता है। याद रखें कि ठंडी मसल्स उतनी फ्लेक्सिबल नहीं होती हैं, जिससे स्ट्रेचिंग करना बहुत मुश्किल हो जाता है। हालांकि, अगर आप स्ट्रेचिंग करने से पहले व्यायाम नहीं कर रहे हैं, तो कुछ हल्के कार्डियो जैसे वॉकिंग या जॉगिंग के साथ 5 से 10 मिनट तक वार्मअप जरूर करें।

**बॉडी पोश्चर पर दें ध्यान :** स्ट्रेचिंग करते समय आपको अपने बॉडी पोश्चर पर ध्यान अवश्य देना चाहिए। भले ही आप खड़े होकर, बैठकर या फिर लेटकर स्ट्रेचिंग कर रहे हैं। अपने बॉडी पोश्चर का ध्यान रखने से आप सही तरह से स्ट्रेचिंग कर पाते हैं और इससे बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी पर भी अच्छा असर पड़ता है। साथ ही साथ, टाइट मसल्स की स्ट्रेचिंग के दौरान चोट लगने की संभावना काफी कम हो जाती है।

### सांस ना रोकें

कई बार स्ट्रेचिंग करते हुए हम अपनी सांसों को होल्ड कर लेते हैं, जबकि यह स्ट्रेचिंग करने का सही तरीका है। भले ही आप अपने शरीर की किसी खास मसल को स्ट्रेच कर रहे हैं, लेकिन इस दौरान भी आराम से सांस लेते रहें। स्ट्रेच करते समय अपनी सांस न रोकें।

# पहली ही बारिश में डूबा मंडावा, सड़कों पर तालाब

## सरकारी कार्यालयों के बाहर जलभराव से थमा जनजीवन



निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** मंडावा में मानसून की पहली ही बारिश ने नगर पालिका और प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। शहर के प्रमुख मार्गों पर जलभराव होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर सड़कें तालाब में तब्दील हो गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली। मुकुंदगढ़ रोड स्थित सियारामजी की बगीची के सामने मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई। हालात ऐसे बने कि वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई और आसपास के घरों व देवस्थानों के सामने भी पानी जमा हो गया। स्थानीय लोगों को घरों से निकलने और रोजमर्रा के कार्यों के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं ढीगाल तिराहा चुंगी चौकी के पास भी जलभराव की गंभीर स्थिति बनी रही। दूसरी ओर बिसाऊ चौराहे से बिसाऊ रोड तक जल निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश का पानी भर जाने से इन गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुख सरकारी कार्यालय भी इस समस्या से अछूते नहीं रहे। उपखंड अधिकारी कार्यालय, तहसील, सरकारी अस्पताल और पंचायत समिति के सामने सड़क पर पानी भर जाने से आमजन को आवागमन में कठिनाई हुई। एसडीएम कार्यालय के ठीक सामने टूटी सड़क और पानी से भरे गहरे गड्ढे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल निकासी और सड़कों की मरम्मत को लेकर कई बार नगर पालिका और प्रशासन को शिकायतें दी गई लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसका परिणाम यह रहा कि मानसून की पहली ही बारिश में शहर की बदहाल सड़कें और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह उजागर हो गई। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था कराई जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए तथा स्थायी समाधान के लिए प्रभावी योजना बनाई जाए ताकि आगामी बारिश के दौरान आमजन को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

# प्रिंस एकेडमी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में प्रिंस हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल तथा प्रिंसिपल पूनम चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही सैकड़ों इच्छुक रक्तदाताओं ने भविष्य में आवश्यकता होने पर रक्तदान करने हेतु अपना नाम दर्ज करवाया। रक्त संग्रहण की प्रक्रिया प्रिंस हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की टीम ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अंकित गर्ग के नेतृत्व में सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई। इस अवसर पर डॉ पीयूष सुण्डा ने स्वैच्छिक रक्तदान को मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 15 साल पुराने एनडीपीएस मामले में आरोपी को 10 साल का कारावास

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने तारानगर थाने में दर्ज एक 15 साल पुराने एनडीपीएस मामले में अभियुक्त को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया है। न्यायाधीश मीणा ने हरियाणा के कैथल निवासी अभियुक्त निशान सिंह पुत्र वासनसिंह को धारा 8/15, 25 एनडीपीएस में दोषसिद्ध मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड राशि जमा नहीं करवाने पर आरोपी को एक वर्ष का साधारण कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज कुमार स्वामी ने की।

# आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित सीयाराम बाबा बगीची में बुधवार से कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत् कथा का शुभारंभ होगा। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्याम सुंदरदास त्यागी महाराज ने बताया कि स्थानीय शक्ति माता मंदिर से कलया यात्रा निकाली जायेगी, जो बगीची तक आयेगी और विधि विधान के साथ कथा का शुभारंभ होगा।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन, अमित शाह का पुतला फूंका

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक सहित विभिन्न छात्र मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं पर कथित लाठीचार्ज व आंसू गैस छोड़ने के विरोध में मंगलवार को झुंझुनू जिला कलेक्ट्रेट के सामने विभिन्न सामाजिक व किसान संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांतिकारी किसान यूनियन के संयोजक पोकर सिंह झाझड़िया ने की। वक्ताओं ने कहा कि छात्र और युवा शांतिपूर्ण ढंग से संसद की ओर मार्च कर रहे थे लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग किया, जिससे कई छात्र-छात्राएं घायल हुए तथा अनेक लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, परीक्षा प्रणाली की खामियों, शिक्षा के व्यवसायीकरण और अन्य छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है लेकिन सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना था कि बातचीत के बजाय आंदोलन को बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया, जिसकी वे घोर निंदा करते हैं। प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से छात्र-युवाओं की मांगों पर सकारात्मक संवाद कर समाधान निकालने की अपील की। विरोध सभा को शहीद भगतसिंह विचार मंच के संयोजक बजरंग लाल एडवोकेट, फूलचंद बुडानिया, पोकर सिंह झाझड़िया, आज़ाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र चारावास, बसपा के धर्मपाल बंशीवाल, मुस्लिम न्याय मंच के इमरान बड़गूजर, पूर्व सैनिक समाज के मोहनलाल, मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के यूनूस अली भाटी, धर्मपाल डारा, रोडवेज कर्मचारी यूनियन के बनवारीलाल जाट, युवा नेता अशोक मांजू, रामनारायण सिंह झाझड़िया, दयाचंद चाहर, जगमाल सिंह और रणधीर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।



# स्टेट रिव्यूअर के रूप में एसडीएम ने किया पीएमश्री विद्यालय का अवलोकन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** उपखंड अधिकारी प्रियंका कड़ेला ने राज्य समीक्षक के रूप में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धीरवास बड़ा का अवलोकन किया। इस अवसर पर समन्वयक के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, तारानगर बबलेश शर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय राजवीर चौहान भी उपस्थित रहे। अवलोकन के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित नवाचारों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का गहन अवलोकन किया। अधिकारियों ने कक्षाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित शिक्षण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अवलोकन के उपरांत विद्यालय परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में एसडीएम प्रियंका कड़ेला, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा एवं एसीबीईओ द्वितीय राजवीर चौहान ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने पर बल दिया। विद्यालय परिवार ने सभी अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी साझा की।

# पोक्सो का आरोपी गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस थाना में दर्ज पोक्सो मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले के अनुसार 15 जुलाई को 32 वर्षीय महिला ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया था कि सुभाष जाट उसके घर आया तथा पति के बारे में पूछा। जब महिला ने बताया कि उसका पति बाहर गया हुआ है तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत की। विवाहिता ने शोर मचाया तो वह वहां से भाग गया। घटना के बारे में जब पति को बताया, तो वह घर पहुंचा। इसी दौरान उनका पुत्र घर के बाहर खेल रहा था वह नहीं मिला तो उन्हें शक हुआ कि सुभाष उसे उठाकर ले जा सकता है। जब सुभाष के घर वे लोग पहुंचे, तो मुख्य दरवाजा बंद था। जब शोर मचाया तो गांव के लोग एकत्रित हो गए तथा दरवाजा तोड़कर अंदर गए, तो उनका पुत्र मिला। उसने बताया कि आरोपी उसके साथ गलत काम कर रहा था। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद जांच डीवाईएसपी इनसार अली ने शुरू की तथा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# ईडब्ल्यूएस वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की बुलंद हुई आवाज

## पंचायत चुनावों में आरक्षण और संरक्षण आयोग गठन की मांग

निसं



**मंडावा ( नवयत्न )।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अधिकारों को लेकर राजस्थान ब्राह्मण महासभा की जिला इकाई ने मंडावा में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सुरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक के नेतृत्व में विप्र समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ईडब्ल्यूएस वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन, पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने तथा राज्य स्तर पर ईडब्ल्यूएस अधिकार संरक्षण आयोग के गठन की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान के 103वें संशोधन के तहत आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार प्राप्त है लेकिन राज्य में अभी भी कई क्षेत्रों में इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। महासभा ने मांग की कि पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में भी ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू किया जाए, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लोकतांत्रिक संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। महासभा ने सरकार से राज्य स्तर पर ईडब्ल्यूएस अधिकार संरक्षण आयोग गठित करने की भी मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि आयोग आय सीमा, पात्रता, ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आरक्षण व्यवस्था की नियमित समीक्षा करे ताकि पात्र परिवारों को उनके संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण लाभ मिल सके। जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के हितों की रक्षा करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। यदि सरकार समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेती है तो लाखों जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक के नेतृत्व में विप्र समाज के संरक्षक श्रीराम शर्मा, डॉ राधारमण शर्मा, विष्णुदत्त जोशी, पीतांबर मिश्रा, गोविंद जोशी, सुभाष बावलिया, मोतीलाल जोशी, संदीप शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश पीपलवा, रामस्वरूप भूतिया, किशोर थालिया, सज्जनलाल शर्मा, बालकिशन भाटीवाड़ा, विष्णुदत्त शर्मा, महेश नगर, राजेंद्र जोशी, रमेश लुमसिया, विनोद दलोईवाला, मनोज शर्मा, आलोक शर्मा सहित विप्र समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सभी ने ईडब्ल्यूएस वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा पंचायतीराज चुनावों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग का समर्थन करते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने के साथ शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करते हुए ईडब्ल्यूएस वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की अपील की।

# म्यूल अकाउंट गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चूरू की कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन वारदात में प्रयुक्त एक कार और 60 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी गौरव खिड़िया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चूरू-तारानगर रोड स्थित गोशाला के पास संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सिंह निवासी लंबोर बड़ी, सुनील निवासी रूकनसर और हरीश निवासी रामगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक कार तथा 60 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। मोबाइल फोन की जांच और चैट खंगालने पर पुलिस को करोड़ों रुपये के ऑनलाइन लेनदेन के साक्ष्य मिले, जिनमें करीब 1.5 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड सामने आया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विभिन्न लोगों के बैंक खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल कर साइबर ठगी की रकम को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफर करवाते थे। इसके लिए उन्होंने एक वेबसाइट के माध्यम से 9 एयरटेल मर्चेंट अकाउंट संचालित कर रखे थे। साइबर ठगी की रकम को इन खातों के जरिए घुमाकर आरोपी मोटा कमीशन कमाते थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इन बैंक खातों के संबंध में देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक



अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, बैंक खाताधारकों और पूरे साइबर नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# आर-पार की लड़ाई के मूड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, दूसरे दिन भी ठप रहे केंद्र

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और ग्राम साथिनें पंचायत समिति परिसर के बाहर धरने पर डटी रहीं। दिनभर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी, प्रदर्शन और भजन-कीर्तन के माध्यम से उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया।

हड़ताल के चलते दूसरे दिन भी क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं से जुड़ी नियमित सेवाएं प्रभावित रहीं। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक सरकार उनकी वर्षों से लंबित मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल किसी भी कीमत पर वापस नहीं ली जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार मांगें उठाने और आश्वासन मिलने के बावजूद सरकार ने अब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है। धरने को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के रामकृष्ण छीपा, सांवरमल मेघवाल और काशीराम सारण ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षों से कम मानदेय और कठिन परिस्थितियों में सेवाएं दे रही हैं। सरकार को उनकी जायज मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्णय करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर संघर्ष को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकारों की लड़ाई संगठन और एकता से ही जीती जा सकती है। धरने के दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर अनोखे अंदाज में अपना विरोध जताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे लंबे समय से नियमित कर्मचारी का दर्जा, पेंशन, ग्रेच्युटी, लंबित मानदेय, बकाया भुगतान तथा अन्य सुविधाओं की मांग कर रही हैं लेकिन सरकार लगातार उनकी उपेक्षा कर रही है। आंदोलन को और तेज करने की घोषणा करते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि बुधवार को धरना स्थल पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का पुतला दहन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा तथा बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। धरने में सुमन जांगिड़, मोहिनी शर्मा, शारदा, किरण, रमेश चौधरी, सरोज कंवर, पाना देवी, मनीषा चौधरी, प्रतिभा, संजू देवी, सुमित्रा, सविता, सुमन कंवर, बबीता, सुमन गोदारा, सुशीला शर्मा, मीनाक्षी गोस्वामी, बसंती, अनिता, किरण कंवर सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और ग्राम साथिनें मौजूद रहीं। पूरे दिन धरना स्थल पर आंदोलन का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सरकार से जल्द मांगें पूरी करने की मांग दोहराई।



# बिजली कटौती से परेशान लोगों ने एईएन को सौंपा ज्ञापन




निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान नागरिकों ने सोमवार को नगर पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष शहजाद चोपदार के नेतृत्व में विद्युत विभाग के नव नियुक्त सहायक अभियंता विवेक अग्रवाल से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया।

कस्बे में लगातार और अनियमित बिजली कटौती के कारण आमजन को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली पर निर्भर व्यापारियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

लोगों ने कस्बे में नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर एईएन विवेक अग्रवाल ने कहा कि बिजली कटौती की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे तथा उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान निवर्तमान पार्षद प्रमोद पचलंगिया, अशोक बेरवाल, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष इकबाल खोखर, अरविंद चौबे, शाहिद रंगरेज एवं प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

## जयंती विशेष

**23 जुलाई**

> "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।"

### जीवन परिचय

- **जन्म:** 23 जुलाई 1856 ई. को रत्नागिरी (महाराष्ट्र) में हुआ।
- उनका पूरा नाम 'लोकमान्य श्री बाल गंगाधर तिलक' था।
- **पिता:** श्री गंगाधर रामचंद्र तिलक – विद्वान शिक्षक व लेखक।
- 16 वर्ष की आयु में पिता का देहांत (1872)।
- मैट्रिक परीक्षा पिता के निधन के चार महीने के अंदर उत्तीर्ण की।
- सन् 1876 में डेक्कन कॉलेज से बी.ए. (ऑनर्स) किया।
- सन् 1879 में बंबई विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. उत्तीर्ण की।
- आगरकर के साथ मिलकर शिक्षा व समाज सेवा का संकल्प लिया।
- 2 जनवरी 1880 को 'न्यू इंग्लिश स्कूल', पुणे की स्थापना।
- 'केसरी' (मराठी) व 'मराठा' (अंग्रेजी) समाचारपत्रों का प्रकाशन।
- स्वदेशी, स्वराज और राष्ट्रीय जागरण के प्रबल समर्थक।
- प्लेग महामारी के समय सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई।
- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता और राष्ट्रनायक।
- **निधन: 1 अगस्त 1920, बंबई**

लोकमान्य तिलक ने शिक्षा, पत्रकारिता और जनजागरण के माध्यम से राष्ट्र को स्वराज के मार्ग पर अग्रसर किया। उनका अदम्य साहस, अटूट विश्वास और संघर्ष की भावना आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है।

### लोकमान्य तिलक के प्रेरणादायक विचार

- स्वराज ही हमारा लक्ष्य है और हम इसे प्राप्त करके रहेंगे।
- शिक्षा से ही समाज का उत्थान और राष्ट्र का निर्माण होता है।
- संगठन और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।
- राष्ट्र के लिए त्याग और संघर्ष ही सच्चा धर्म है।




**राष्ट्रनायक • स्वतंत्रता संग्राम के महान प्रेरणास्रोत**
**लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को शत्-शत् नमन!**

# सिक्किम टनल हादसे में अब तक 10 की मौत

## पीएम मोदी बोले – हर संभव मदद करेंगे




गंगटोक।

नामची जिले के सामरदुंग (झोलुंगे) स्थित एनएचपीसी की निर्माणाधीन तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की सुरंग में हुए हादसे में मृतकों की संख्या 10 हो गई है। जिला प्रशासन ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। इस दर्दनाक हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने चल रहे बचाव अभियान की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार को केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

### केंद्र की ओर से मिलेगा हर जरूरी सहयोग

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य सरकार को हर आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने प्रधानमंत्री द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और त्वरित हस्तक्षेप के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रधानमंत्री का समर्थन और एकजुटता राज्य के लिए बड़ी ताकत है। हादसे के बाद सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

### सीएम तामांग ने जताया शोक

मुख्यमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य की पूरी जनता शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति और परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राहत एवं बचाव अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए), सिक्किम पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, पाक्योंग और सिलीगुड़ी की एनडीआरएफ टीमों सहित विभिन्न विशेषज्ञ एजेंसियां सुरंग में फंसे शेष श्रमिकों तक पहुंचने और उन्हें बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं।

उन्होंने बचाव कार्य में जुटे सभी अधिकारियों और कर्मियों के साहस, समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वे लगातार अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित सभी विभाग और एजेंसियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने, बचाव कार्य में तेजी लाने तथा पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने, अपुष्ट और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से बचने तथा प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बचाव अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने उत्तर मैसेडोनिया की राष्ट्रपति दावकोवा के साथ की अहम वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति

नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को उत्तर मैसेडोनिया की राष्ट्रपति डॉ. गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ राजधानी स्कोप्जे स्थित विला वोड्नो में व्यापक द्विपक्षीय चर्चा की। दोनों ने भारत और उत्तर मैसेडोनिया के बीच संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति मुर्मु की यह मुलाकात भारत और उत्तर मैसेडोनिया के बीच राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। दोनों देशों ने आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई।

राष्ट्रपति मुर्मु मोल्दोवा, उत्तर मैसिडोनिया और रोमानिया की अपनी राजकीय यात्राओं के दूसरे चरण में सोमवार शाम (20 जुलाई, 2026) स्कोप्ये, उत्तर मैसिडोनिया पहुंचीं। किसी भारतीय राष्ट्रपति की उत्तर मैसिडोनिया की यह पहली यात्रा है। स्कोप्ये अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर, उत्तर मैसिडोनिया के विदेश कार्य एवं विदेश व्यापार मंत्री, टिम्को मुकुन्स्की ने राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस राजकीय यात्रा पर राष्ट्रपति के साथ निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री, डॉ. दिनेश शर्मा, राज्य सभा सांसद और विजय बघेल, लोकसभा सांसद भी गए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु आज मंगलवार को अपने कार्यक्रमों की शुरुआत विला वोडनो के दौरे से की। विला वोडनो उत्तर



मैसिडोनिया की राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास-सह-कार्यालय है। वहां उत्तर मैसिडोनिया की राष्ट्रपति, महामहिम डॉ. गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा ने राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। आमने-सामने की बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के सभी विषयों पर चर्चा की, और आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित गहरे एवं मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के प्रति भरोसा जताया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आर्थिक सहयोग भारत और उत्तर मैसेडोनिया के द्विपक्षीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने आईटी/आईटीईएस, कृषि, फ़ूड प्रोसेसिंग, फ़ार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और बायोटेक, पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, और फ़िल्म निर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर ज़ोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि सांस्कृतिक संबंध और लोगों के बीच आपसी संबंध हमेशा से हमारे द्विपक्षीय रिश्तों के मजबूत स्तंभ रहे हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि क्रिएटिव इंडस्ट्री के क्षेत्र में सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए), कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस जैसी पहलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। राष्ट्रपति ने इन पहलों से जुड़ने की उत्तर मैसिडोनिया की मंशा का स्वागत किया और कहा कि इन अंतरराष्ट्रीय पहलों में भाग लेने से उत्तर मैसिडोनिया को नवीकरणीय ऊर्जा और आपदा-रोधी क्षमता को बढ़ावा देने के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति ने उत्तर मैसिडोनिया के लिए इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (आईटीईसी) ट्रेनिंग स्लॉट की संख्या दोगुनी करने के भारत के निर्णय की घोषणा की; इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

# संवेदनशील मामलों की हो त्वरित जांच, समय पर न्याय हो सुनिश्चित : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार द्वारा गत ढाई वर्षों में उठाए गए कदमों के कारण अनुसूचित जाति और जनजातियों के विरुद्ध अत्याचार के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2025 में ऐसे प्रकरणों में लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कहा कि एससी-एसटी वर्ग के



विरुद्ध अपराध करने वालों पर कठोरता से कार्रवाई की जाए और समाज में समरसता का वातावरण बनाने में सहयोग करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार के दर्ज प्रकरणों में 15.88 प्रतिशत तथा वर्ष 2025 के पहले 6 माह की तुलना में वर्ष 2026 में 15.49 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में से 35.16 प्रतिशत का निस्तारण 60 दिन में किया जा रहा था, जो 2025 में बढ़कर लगभग 47 प्रतिशत और जुलाई, 2026 तक 67.88 प्रतिशत हो गया है।

# राजस्थान के 8 जिलों में डेंगू-मलेरिया का खतरा

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाई रिस्क एरिया माना; मच्छरों को पनपने से रोकने का आदेश

**जयपुर।** देश में इस साल कमजोर मानसून रहने का अनुमान है। कम बारिश, नमी और गर्मी को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मौसमी बीमारियां ज्यादा होने की आशंका जताई है। मंत्रालय ने पिछले दिनों देश के सभी राज्यों को पत्र लिखकर मौसमी बीमारियों (डेंगू-मलेरिया) के ज्यादा बढ़ने की आशंका जताते हुए इसके बचाव की तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही हर राज्य में हाई रिस्क जिलों की लिस्ट तैयार की है, जिसमें विशेष मॉनिटरिंग की जरूरत बताई है। जयपुर सहित राजस्थान के 8 जिलों को हाई रिस्क एरिया में शामिल किया है। मंत्रालय ने पिछले तीन साल की रिपोर्ट देखते हुए उन जिलों को हाई रिस्क एरिया में माना है, जहां डेंगू-मलेरिया के 500 या उससे ज्यादा केस मिले हैं।

मंत्रालय ने हाई रिस्क एरिया में शामिल जिलों में मच्छरों को पैदा होने (पनपने) से रोकने के लिए हर सप्ताह ड्राइंग-डे एक्टिविटी करने के आदेश दिए हैं। इसमें आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ उन एरिया में एंटीलार्वा एक्टिविटी की जाएंगी, जहां मच्छरों के पनपने की सबसे ज्यादा आशंका रहती है।



## कार्यालय नगरपालिका रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांक:- नपार/भूमि/2026/2578-80 दिनांक:- 20/7/2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकगणों द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये है। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्थान कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत
नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं | पत्रावली संख्या/दिनांक | नाम आवेदकगण | खसरा नं. भूखण्ड का क्षेत्रफल | वांछित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/RTNG/2026-27/403214 / 29-06-2026 | श्री पवन कुमार पुत्र श्री रूपाराम प्रजापत, भार्गव चौक वार्ड नं. 26, रतनगढ़ | 282.92 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 2 | LD/RTNG/2026-27/441143 / 13-07-2026 | श्री अकरम पुत्र श्री साबीर कसाई मर्कज मस्जिद के पास वार्ड नं. 12, रतनगढ़ | 111.03 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 3 | LD/RTNG/2026-27/442786 / 13-07-2026 | श्रीमती संगीता पत्नी श्री लीला कृष्ण सोनी, रतनगढ़ | खसरा नं. 717, 1150, 1151 222.96 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 4 | LD/RTNG/2026-27/442887 / 13-07-2026 | श्री छगन लाल पुत्र श्री तिलोकचन्द माली पंचमुखी बालाजी मन्दिर के पीछे, रतनगढ़ | खसरा नं. 1882/1686 148.89 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 5 | LD/RTNG/2026-27/443591 / 13-07-2026 | श्री इकबाल पुत्र श्री इमामुदीन, भानीधोरा के पास वार्ड नं. 04, रतनगढ़ | खसरा नं. 717, 1150, 1151 222.96 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 6 | LD/RTNG/2026-27/444050 / 13-07-2026 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री इन्द्र सिंह कुम्हार, जांगिड़ पेट्रोल पम्प के पास, रतनगढ़ | खसरा नं. 2366/1777 178.43 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 7 | LD/RTNG/2026-27/444505 / 13-07-2026 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री इन्द्र सिंह कुम्हार, जांगिड़ पेट्रोल पम्प के पास, रतनगढ़ | खसरा नं. 2366/1777 89.21 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 8 | LD/RTNG/2026-27/453793 / 15-07-2026 | श्रीमती बिस्मीला पत्नी श्री फकीर मोहम्मद वार्ड नं. 01, रतनगढ़ | 124.18 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 9 | LD/RTNG/2026-27/453767 / 15-07-2026 | श्री अब्दुल सतार पुत्र श्री हाजी मंगतुदीन तंवर, वार्ड नं. 06, रतनगढ़ | 118.92 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 10 | LD/RTNG/2026-27/453543 / 15-07-2026 | श्री देवीदत्त शर्मा पुत्र श्री दुर्गादत शर्मा वार्ड नं. 14, रतनगढ़ | 58.08 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 11 | LD/RATANGARH/2026-27/MUT 2026-27/201487/15-07-2026 | श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री सांवरमल माली, हरीदास की ढाणी वार्ड नं. 30 रतनगढ़ | 211.83 वर्गमीटर | नामान्तरण |
| 12 | LD/RTNG/2026-27/453391 15-07-2026 | श्री बनवारी लाल पुत्र श्री दुर्गादत शर्मा वार्ड नं. 14 रतनगढ़ | 55.90 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 13 | LD/RTNG/2026-27/453433 15-07-2026 | श्री नन्द लाल पारीक पुत्र श्री हुमान पारीक रिणी वाले कुए के पास वार्ड नं. 29 रतनगढ़ | 252.98 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 14 | LD/RTNG/2026-27/453329 15-07-2026 | श्री नन्द लाल पारीक पुत्र श्री हुमान पारीक रिणी वाले कुए के पास वार्ड नं. 29 रतनगढ़ | 257.05 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 15 | LD/RTNG/2026-27/453627 15-07-2026 | श्रीमती गुलाब देवी पत्नी श्री शुभकरण माली कम्मा कॉलोनी वार्ड नं. 41 रतनगढ़ | 317.67 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 16 | LD/RTNG/2026-27/451872 15-07-2026 | श्री साबीर हुसैन पुत्र अल्लादीन तेलियान मस्जिद के पास वार्ड नं. 29 रतनगढ़ | खसरा नं. 893 216.54 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 17 | LD/RTNG/2026-27/452332 15-07-2026 | श्री साबीर हुसैन पुत्र अल्लादीन तेलियान मस्जिद के पास वार्ड नं. 29 रतनगढ़ | 456.55 वर्गमीटर | 69-क |
| 18 | LD/RTNG/2026-27/452508 15-07-2026 | श्री आमीन पुत्र लाल मोहम्मद इदगाह मस्जिद के पास वार्ड नं. 10 रतनगढ़ | 70.00 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 19 | LD/RTNG/2026-27/457446 15-07-2026 | श्री अब्बास अली व्योपारी पुत्र श्री आमीन वार्ड नं. 10 रतनगढ़ | 125.18 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 20 | LD/RTNG/2026-27/449429 14-07-2026 | श्री सेर सिंह पुत्र श्री सुगन सिंह पड़िहारो का मोहला वार्ड नं. 08 रतनगढ़ | 91.82 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 21 | LD/RTNG/2026-27/449520 14-07-2026 | श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री सुगन सिंह पड़िहारो का मोहला वार्ड नं. 10 रतनगढ़ | 114.37 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 22 | LD/RTNG/2026-27/453530 15-07-2026 | श्री गुमान सिंह पुत्र श्री नथू सिंह पड़िहारो का मोहला | 109.20 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 23 | LD/RTNG/2026-27/453118 15-07-2026 | वार्ड नं. 10 रतनगढ़ मोहम्मद आरिफ पुत्र श्री कासम मर्कज मस्जिद के पास, रतनगढ़ | 168.28 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 24 | LD/RTNG/2026-27/453707 15-07-2026 | श्री राजु सिंह पुत्र श्री नत्थु सिंह वार्ड नं. 09, रतनगढ़ | 79.28 वर्गमीटर | स्टेट ग्रान्ट |
| 25 | LD/RTNG/2026-27/453721 / 15-07-2026 | श्रीमती अनिता पत्नी श्री गुलाब चंद माली वार्ड नं. 03, रतनगढ़ | खसरा नं. 1794/436 216.54 वर्गमीटर | कृषि भूमि |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका रतनगढ़**

## भारतीय मानवाधिकार परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया अभिनन्दन



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति ने समिति के महासचिव डॉ मनोज सिंह टीकेएन को भारतीय मानवाधिकार परिषद् का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर यहां रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में उनका अभिनन्दन किया। समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि समारोह के अध्यक्ष दरगाह हजरत कमरुद्दीन शाह के गद्दीनशीन शहजादा ऐजाज नबी, मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई, विशिष्ट अतिथि पूर्व स्टेशन अधीक्षक अनवर हुसैन, झुझार सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुरेश कुमार जाखड़, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष सीए जिम्मी मोदी, भाजपा नेता एवं नगर परिषद् के पूर्व सभापति खालिद हुसैन, श्री सैनी समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष छगनलाल धूपिया एवं नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन पुजारी के आतिथ्य में समिति के महासचिव डॉ मनोज सिंह टीकेएन को भारतीय मानवाधिकार परिषद् का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर समिति की ओर से साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण करके एवं श्रीफल व प्रतीक चिह्न भेंट करके अभिनन्दन किया गया। संचालन डॉ भावना शर्मा ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, संजय बिलोटिया, सुरेन्द्र अग्रवाल, रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, मांगीलाल सेन, बाबू भाई अली हसन परवेज, फैयाज अहमद खान, कैलाश दान बारेठ, हजारीलाल छापौला, नरोत्तमलाल आर्य, रिषी सोनी बिसाऊ, महेन्द्र सिंह चौधरी, प्रमोद टीबड़ा, शिवचरण पुरोहित, मोहनलाल पुरोहित, भोपाल सिंह पटवारी, विनोद खन्ना, अनिल शर्मा, श्रवण कुमार गोयनका, विजय कुमार सैनी, बंटी सोनी, इमरान बडगुजर, जाकीर अब्बासी, मनीष बगड़िया, रवि तुलस्यान, शारिक अहमद खान, प्रमोद केडिया, राजकुमार वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## वरिष्ठ वकील आगे आएं, पेपर लीक आरोपियों को दिलाएं कठोर सजा: पीएम मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा केवल किसी एक राज्य या केंद्र सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की चिंता का विषय है। जैसे ही सरकार को पेपर लीक की जानकारी मिली, तुरंत कार्रवाई की गई और अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक के बाद मीडिया को प्रधानमंत्री के संदेश की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने पेपर लीक को पूरे देश की चिंता का विषय बताते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए देश के वरिष्ठ वकीलों को भी आगे आना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा हो। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ वकीलों से अपील की कि वे इस गंभीर मुद्दे में आगे आएं और आरोपियों को कठोर सजा दिलाने में मदद करें।

**पीएम मोदी का सख्त रुख**–प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा किसी एक राज्य या केंद्र सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश और युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि जैसे ही सरकार को पेपर लीक की जानकारी मिली, तुरंत कार्रवाई की गई और अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता छात्रों का भविष्य सुरक्षित रखना है। इसी कारण नीट परीक्षा दोबारा कराई गई और परिणाम भी समय पर घोषित किए गए।

## राजस्थान में साइबर ठगी पर बड़ा एक्शन, बैंक अधिकारियों को दिए गए अहम निर्देश

जयपुर। राजस्थान में साइबर सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन के धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मंगलवार को शासन सचिवालय में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष साइबर समन्वय बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा राजस्थान पुलिस एवं प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु ठोस एवं परिणाम–मूलक रणनीति तय की. मुख्य सचिव ने कहा कि 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही बैंकों की प्रतिक्रिया तीव्र होनी चाहिए तथा नागरिक की शिकायत और खाता होल्ड की कार्रवाई के बीच का समय–अंतराल पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान में दस में से मात्र एक मामले में ही बैंकों की त्वरित प्रतिक्रिया से राशि रुक पाना गंभीर विषय है. इसलिए इस दिशा में सभी बैंक अधिकारी स्वयं 1930 कॉल सेंटर का दौरा कर नागरिकों की समस्याओं को नजदीक से समझें और पुलिस के साथ हैंड्स–ऑन समन्वय स्थापित करें. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक एवं समयबद्ध प्रयासों से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा.

# निजी विद्यालय संचालकों ने राज शाला संबलन ऐप आधारित निरीक्षण का किया विरोध

## शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** निजी शिक्षण संस्थान संघ, नवलगढ़ के पदाधिकारियों एवं विद्यालय संचालकों ने मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी राज शाला संबलन मोबाइल ऐप के माध्यम से गैर सरकारी विद्यालयों के निरीक्षण संबंधी आदेश को तत्काल वापस लेने एवं इसमें संशोधित करने की मांग की। ज्ञापन में संघ ने कहा कि निजी विद्यालय मान्यता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित संस्थान हैं, जिनका संचालन निर्धारित नियमों एवं अधिनियमों के तहत होता है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों की तर्ज पर बार–बार निरीक्षण करना उचित नहीं है। ज्ञापन में बताया कि निजी विद्यालय पहले से ही विभिन्न विभागीय पोर्टलों पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हैं, इसलिए ऐप आधारित निरीक्षण से अनावश्यक प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा। प्रत्येक वर्ष सक्षम अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का भौतिक सत्यापन किया जाता है, जिसमें आधारभूत सुविधाएँ, मान्यता की शर्तें, स्टाफ एवं अभिलेखों की विस्तृत जांच होती है। ऐसे में पुनः उन्हीं बिंदुओं का ऐप के माध्यम से निरीक्षण कार्यों की अनावश्यक पुनरावृत्ति है। इसलिए बार–बार निरीक्षण एवं मोबाइल ऐप आधारित रिपोर्टिंग से विद्यालय संचालन, शिक्षण कार्य एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी साथ ही निरीक्षण के नाम पर अधिकारियों की अनावश्यक दखलअंदाजी बढ़ने से निजी विद्यालयों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण भी बनेगा। उन्होंने बताया कि यदि निरीक्षण आवश्यक हो तो केवल शिकायत आधारित एवं वार्षिक निरीक्षण ही किया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग के बजाय लक्ष्य आधारित व्यवस्था लागू की जाए। निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि संगठनों से बिना पूर्व चर्चा के आदेश जारी किया जाना प्राकृतिक न्याय एवं सहभागी प्रशासन की भावना के विपरीत है।

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए इसे वापिस लिया जाए और आवश्यक संशोधन किए जाएं।



निजी विद्यालय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जाए एवं निजी विद्यालयों के लिए सरल, पारदर्शी एवं व्यावहारिक निरीक्षण व्यवस्था लागू की जाए। इस दौरान निजी शिक्षण संस्थान संघ, नवलगढ़ विद्यालय संचालक संरक्षक बीरबल सिंह गोदारा, इन्द्राज सिंह मील, अध्यक्ष टंवर सिंह, सचिव अनिल शर्मा, मंजू आर्य, प्रदीप जांगिड़, हाजरीलाल यादव, रमाकांत दाधीच, सुनील शर्मा, धर्मपाल जांगिड़, श्रीराम जांगिड़, अम्मीलाल, राकेश जोशी, घनश्याम टेलर, प्रहलाद सैनी, देवेंद्र सैनी, अजय महण, कैलाश सैनी, सांवरमल सैनी, नरोतम चौहान, संदीप शर्मा, विक्रम सिंह, महेंद्र सिंह, सीताराम, विकास यादव, श्याम सिंह ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर एकजुटता व्यक्त करते हुए सरकार से निजी शिक्षा संस्थानों की वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखकर न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की।

## लगातार सात घंटे बारिश, कई घरों में पानी घूसा व मकानों की छतें टपकी

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** बिसाऊ में मंगलवार को लगातार सात घंटे तक 45 एम एम हुई बरसात से कई घरों में पानी घूस गया व मकानों की छतें टपकी, सड़कों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित रहा। इस तरह की लगातार बारिश 33 साल पूर्व सन 1993 में हुई थी। सुबह तीन बजे शुरू हुई बारिश लगातार 10 बजे तक बरसती रही इससे मलसीसर स्टैंड, जांगीड़ भवन, श्रीराम हवेली एरिया, पश्चिमी दरवाजा, चूरू रोड पर पेट्रोल पंप के आगे, पूर्व पार्षद किशन पारीक के घर व गली सहित जलभराव क्षेत्रों में पानी भर गया इससे वाहन चालकों व आमजन को आने जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ा। वहीं डिस्कॉम के 33केवी सब स्टेशन और जीण माता मंदिर के सामने डीडवानिया सदन के मकानों में पानी भर गया जिसको नगर पालिका की टीपीएस मशीन लगा कर निकाला गया। लगातार बारिश से जांगीड़ अतिथि भवन की पिछली चार दिवारी के पीछे खाली पड़ी जमीन पर पानी भरने से अंदर वाला फर्स धंस गया। मलसीसर स्टैंड पर श्रीराम मंदिर तक सड़क पर भरे पानी की निकासी लंबे समय तक होने से पैदल चलने वाले लोगों को रास्ता बदल कर आना जाना पड़ा। बारिश के कारण गौरियान मस्जिद के पास एक बिजली का पावर ट्रांसफार्मर जल गया। महात्मा गांधी स्कूल मैदान में नजदीकी मौहलों का बरसाती पानी आने से मैदान एक बड़े तालाब का रूप ले लिया स्कूल भवन के कक्षा कक्ष भी इस पानी की चपेट में आ गये। बारिश के कारण बिजली व्यवस्था भी छह सात घंटे तक प्रभावित रही। लगातार हुई बारिश को देखते हुए नगर पालिका की आपदा प्रबंधन टीम भी अपने संसाधनों के साथ सक्रिय रही। बिजली के पावर हाउस और एक मकान में घूसे पानी को निकालने का कार्य कर राहत पहुंचाई। वहीं ईओ सीताराम कुमावत भी कस्बे का दौरा कर टीम द्वारा किए गये कार्यों का ठेकेदार राकेश चौधरी के साथ मॉनिटरिंग की। उधर अच्छी व शान्ति पूर्वक हुई यह बारिश खेतों में मुरझा रही बाजरे, मुंग, मोठ आदि की फसल के लिए लाभदायक है, इस बरसात से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। नगर पालिका ईओ सीताराम कुमावत ने बताया कि बारिश और गंदे पानी की निकासी के लिए बिसाऊ के विभिन्न क्षेत्र की गैनाणियो के चैंबरो पर पालिका की 9 मोटरे लगी हुई है जिस पर दो गैनाणीयो के पानी की निकासी करवाने हेतु मोटरों को बिजली नहीं होने पर चलाने के लिए जेनरेटर की भी व्यवस्था है। सात घंटे लगातार हुई बारिश से मलसीसर स्टैंड को छोड़कर लंबे समय तक पानी का ठहराव कही भी नहीं रहा। जब तक बिजली नहीं आई तब तक वार्ड 16 व 6 की गैनाणी से जैनरेटर चलाकर बरसाती पानी की निकासी करवाई, वहीं कई जगह पालिका की टीपीएस मशीन लगाकर करवाई । बिजली आने के बाद सभी गैनाणियो के चैंबरों पर लगी मोटरों को चलाकर किया गया।



## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग को लेकर विप्र फाउंडेशन के जिला संरक्षक शंकर लाल शर्मा के नेतृत्व में नवलगढ़ एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए आवश्यक प्रावधान किए जाए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रभावी भागीदारी निभा सके। साथ ही यह भी मांग की गई कि जिस प्रकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर अन्य वर्ग चुनाव नहीं लड़ सकते, उसी प्रकार ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितों की रक्षा के लिए भी उपयुक्त व्यवस्था लागू की जाए, जिससे इस वर्ग को संविधान प्रदत्त आरक्षण का वास्तविक लाभ मिल सके। ज्ञापन में राज्य स्तर पर ईडब्ल्यूएस आयोग के गठन की भी मांग की गई। आयोग आय सीमा, पात्रता, प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया तथा ईडब्ल्यूएस से जुड़े सभी नियमों की नियमित समीक्षा कर व्यावहारिक कमियों को दूर करे तथा यह सुनिश्चित करे कि पात्र परिवारों को योजनाओं एवं आरक्षण का लाभ बिना किसी अनावश्यक बाधा के प्राप्त हो। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से लंबित हैं। सरकार को इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की प्रभावी रक्षा हो सके। इस मौके पर सुभाष चंद्र भूत, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## भारतीय वायु सेना की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने डार्विन में एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 के उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 एक मल्टीनेशनल एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज है जो हर दो साल में होती है और इसमें 19 देशों की वायुसेना एक साथ आती हैं। यह इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने और ऑपरेशनल सहयोग को मजबूत करने का एक खास मौका देती है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, समुद्र तल से आसमान तक, भारत ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंध शान से आसमान छूने के लिए तैयार हैं! हमारी भारतीय वायु सेना की टीम को डार्विन में एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से बातचीत करने का मौका मिला।

इसमें आगे कहा गया, आईएएफ के करीब 100 वायु सैनिकों के साथ चार राफेल एयरक्राफ्ट, ऑस्ट्रेलिया में हो रही एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 में 20 दूसरे देशों के पार्टिसिपेंट्स के साथ अपनी एयर कॉम्बैट स्किल्स को बेहतर बना रहे हैं, जो दक्षिणी गोलार्ध में सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज है।



## बाल वाटिका विद्यार्थियों को निःशुल्क ड्रेस वितरित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में अग्रवाल महिला मंडल श्रीमाधोपुर के सौजन्य से मंगलवार को बाल वाटिका के विद्यार्थियों को निःशुल्क ड्रेस वितरित की गई। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष कनक गुप्ता एवं मंडल की सदस्यों ने नन्हे–मुन्ने विद्यार्थियों को ड्रेस भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बिस्कुट एवं चॉकलेट भी वितरित किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में अग्रवाल महिला मंडल की ओर से क्षमा कयाल, मीना हमसरिया, ममता गुप्ता, रीमा चौधरी, रेणु गोकुलका, अनुराधा मऊवाला, दीपा कयाल, आशा अग्रवाल एवं सीमा मऊवाला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इस सामाजिक पहल की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने अग्रवाल महिला मंडल एवं सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना संभव हो पाता है। उन्होंने महिला मंडल के इस प्रेरणादायी कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल सिंह बिजारणिया ने किया। इस अवसर पर एसडीएमसी सचिव धूड़सिंह सामोता, कृष्णा पालीवाल, प्रेमलता, मंगली मीणा, रामसिंह गुर्जर, अनिल कुमार टेलर, विजेंद्र गजराज, आशा मीणा सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन

मैं साजिदा बानो पत्नी अयूब खान जाति कायमखानी निवासी वार्ड नं 17 बिसाऊ तहसील बिसाऊ जिला झुझुनूं (राज.)। मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम अरमान (Arman) दर्ज है जबकि उसका सही नाम अरमान खान (Arman khan) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

### नाम परिवर्तन

मैं राजकुमार पुत्र माला राम जाति मीणा निवासी वार्ड नं 12 बिसाऊ तहसील बिसाऊ जिला झुझुनूं (राज.)। मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में उसकी माता का नाम संतरा (Shantara) दर्ज है। जबकि उसकी माता का सही नाम मोनिका देवी (Monika Devi) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

### नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नम्बर 14933013K Rank NK धर्मेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी देवगांव (नूंआ) तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनू (राज.)। मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम नवानीत सिंह (NAVA-NEET SINGH) दर्ज है। जबकि उसका सही नाम नवनीत सिंह (NAVNEET SINGH) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व आर्मी रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

### नाम परिवर्तन

हम शंकर लाल बाकोलिया पुत्र रामपाल एवम् बबीता मोर्य पत्नी शंकर लाल बाकोलिया निवासीगण वार्ड नं 57 सेठ मोतीलाल स्टेडियम के पास हमीरी रोड झुन्झुनू जिला झुन्झुनू (राज.)। हमारे पुत्र दिव्यांश बाकोलिया (DIVYANSH BAKOLIA) की अंकतालिका में उसकी माता का नाम बबीता देवी (BABITA DEVI) दर्ज है। जबकि उसकी माता का सही नाम बबीता मोर्य है (BABITA MORYA) भविष्य में इसे ही सही माना जावें व मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

# झालावाड़ में नदी के उफान में पुल डूबा, रास्ता बंद

## सीकर-बारां में दुकान-ऑफिसों में पानी घुसा; जयपुर-भरतपुर संभाग में भारी बारिश का अलर्ट

**बीकानेर।** राजस्थान में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। 12 जिलों में बारिश हुई। झालावाड़ जिले में तेज बारिश के कारण परवन नदी उफान पर है। यहां एक छोटा पुल और मंदिर डूब गया।

बारां में मूसलाधार बारिश के कारण दुकानों में पानी घुस गया। सीकर में ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनों का शेड्यूल प्रभावित हुआ है। चूरू में 5 घंटे तक रुक–रुककर बरसात हुई।

वहीं, जयपुर में सोमवार देर शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार सुबह 7 बजे तक जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन पूरे प्रदेश में तेज बारिश की संभावना है।

बुधवार को जयपुर–भरतपुर संभाग में भारी बारिश की भी आशंका है।

प्रदेश में फिर एक्टिव हुए मानसून के कारण दिन का तापमान 7 डिग्री तक गिर गया है।

### सवाई माधोपुर में बारिश से गिरा तापमान

सवाई माधोपुर में मंगलवार को बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए सवाई माधोपुर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था।

### उदयपुर में बूंदाबांदी

उदयपुर में दोपहर तीन बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ। शहर के कलेक्ट्रेट रोड, देहलीगेट, कोर्ट चौराहा, चेतक सर्किल, अस्पताल रोड सहित आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई।

### कोटा में तेज बारिश

कोटा में 3 दिन बादल छाए रहने के बाद मंगलवार दोपहर बाद तेज बारिश शुरू हुई। इस दौरान कोचिंग स्टूडेंट छाता लेकर जाते नजर आए।

### बारिश के कारण 13 ट्रेन लेट

राजस्थान के कुछ इलाकों में हो रही बारिश का असर ट्रेनों पर भी पड़ने लगा है। जयपुर जंक्शन होकर चलने वाली करीब 13 ट्रेन तीन से चार घंटे देरी से चल रही हैं। इनमें प्रयागराज, उत्तराखंड, मुंबई रूट की ट्रेनें भी शामिल हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के सीकर यार्ड में पानी भरने के कारण ट्रेन नंबर 54803 सीकर–रेवाड़ी और ट्रेन नंबर 14824 रेवाड़ी –जोधपुर को आंशिक रद्द किया गया है।

### कोटपूतली-बहरोड़ का 7 डिग्री गिरा तापमान

कोटपूतली–बहरोड़ के बहरोड़ और आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह से ही कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर चल रहा है। लगातार बारिश से कस्बे के पोस्ट ऑफिस, नया बस स्टैंड, इलाके में जलभराव हो गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43–ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय–जी–4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592–297190